राष्ट्रीय दैनिक


# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




11 द्रविड़ का रवैया काफी सख्त था, गंभीर शांत हैं, अश्विन ने किया खुलासा...

टिकट बेचे जा रहे भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी जय तीरथ दहिया का बड़ा...12



वर्ष : 12 | अंक : 164 | पटना, बुधवार, 25 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 28.0°C

न्यूनतम तापमान 17.0°C

**बाजार**

सोना 75,885

चांदी 92,500

सेंसेक्स 84,554

निफ्टी 25,790

## पीएम के अमेरिका दौरे को सीएम, चिराग व मांझी ने बताया ऐतिहासिक

# भारत-अमेरिका के बीच निवेश बढ़ाने का निर्णय स्वागत योग्य : नीतीश

- सीएम बोलें-प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में निवेश बढ़ेगा और विकास के नए रास्ते खुलेंगे

प्रात : किरण

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा पर थे। इस दौरान उन्होंने शनिवार को विलमिंगटन में क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) देशों के नेताओं के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने रविवार को लॉन्ग आइलैंड में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के हजारों सदस्यों के विशाल कार्यक्रम को संबोधित किया। इसके बाद उन्होंने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र के भविष्य का शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने इन तीनों दिन विश्व के नेताओं के साथ द्विपक्षीय चर्चा भी की। उनके दौरे को देश में उनकी सरकार के साथियों समेत उनकी अपनी पार्टी के दिग्गज नेताओं ने ऐतिहसिक करार दिया है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमरिका यात्रा को स्वागत योग्य कदम बताया है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच निवेश बढ़ाने के लिए लिए गए निर्णय स्वागत योग्य हैं। दोनों देशों के बीच लिए गए निर्णयों से अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में निवेश बढ़ेगा और विकास के नए रास्ते खुलेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं और उनसे उत्पन्न होने वाले नए अवसरों को लेकर बिहार की जनता उत्साहित है।

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा, वैश्विक नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका की अपनी तीन दिवसीय यात्रा समाप्त कर आज भारत लौट रहे हैं। अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान उन्होंने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में क्वाड लीडर्स समिट और भविष्य के शिखर सम्मेलन में भाग लिया जो अपने आप में अनूठा था, इसके साथ ही उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान जो महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकें कीं, वे राष्ट्र की प्रगति के लिए सार्थक होंगी।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा, एक भारतीय होने के नाते मुझे प्रधानमंत्री मोदी पर गर्व है। उनकी हर अंतरराष्ट्रीय यात्रा न केवल देश के सम्मान को बढ़ाती है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे देश की मजबूत पहचान को भी बढ़ाती है। जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि आज अगर भारत कुछ बोलता है तो दुनिया सुनती है, क्योंकि भारत ने हर क्षेत्र में योगदान दिया है। जिस तरह से प्रधानमंत्री ने अलग-अलग कंपनियों के उएड से मुलाकात की। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की मजबूत पहचान को दशार्ता है। क्वाड समिट में भी अलग-अलग विषयों पर चर्चा हुई। यह एक मजबूत भारत, एक विकसित भारत की ओर एक कदम है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देता हूं और इस यात्रा के सफल समापन के लिए उन्हें बधाई देता हूं।



### यात्रा महत्वपूर्ण और सार्थक रही : नड्डा

केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा पैमाने और इसके परिणामों के मामले में महत्वपूर्ण और सार्थक रही है। हर भारतीय को इस बात पर गर्व है कि राष्ट्रपति बाइडन ने डेलावेयर में अपने आवास पर पीएम मोदी की मेजबानी की। दुनिया के सबसे पुराने और सबसे बड़े लोकतंत्रों के नेताओं के बीच यह निरंतर जुड़ाव वैश्विक शांति और कल्याण के लिए बहुत अच्छा है। भारत के स्वास्थ्य मंत्री के रूप में मैं क्वाड नेताओं द्वारा कैंसर मूनशॉट पहल शुरू करने से बहुत खुश हूं। इससे कैंसर के खिलाफ लड़ाई को मजबूती मिलेगी और दुनिया भर में लाखों लोगों के जीवन पर असर पड़ेगा।

## उत्तर बिहार के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा में बड़ी सौगात

# दरभंगा एम्स को लेकर बिहार सरकार ने सौंप दी जमीन



- सुलभ स्वास्थ का सपना अब हकीकत में बदलने जा रहा है : मंगल
- सचिवालय स्थित विकास भवन सभागार में विभाग ने जमीन हस्तांतरित की

प्रात : किरण

पटना। बिहार की नीतीश सरकार ने मंगलवार को दरभंगा में प्रस्तावित एम्स के लिए केंद्र सरकार को जमीन हस्तांतरित कर दी। इसकी जानकारी सूबे के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने दी। उन्होंने बताया कि दरभंगा जिले में एम्स निर्माण को तीव्र गति प्रदान करने के लिहाज से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आदेशानुसार स्वास्थ्य विभाग ने एम्स को जमीन हस्तांतरित करने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली। मंगलवार को सचिवालय स्थित विकास भवन सभागार में विभाग ने एम्स निर्माण के लिए शेष बची 37.31 एकड़ जमीन भी हस्तांतरित की। एम्स निदेशक को विभाग के विशेष सचिव ने जमीन के कागजात सौंप दिए। कार्यक्रम के दौरान सूबे के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि दरभंगा एम्स निर्माण के लिए बिहार सरकार ने 150.13 एकड़ जमीन केंद्र सरकार को पूर्व में हस्तांतरित कर दी गयी थी शेष 37.31 एकड़ जमीन और हस्तांतरित हो गयी। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत भी मौजूद थे।

**संस्थान बनाने हेतु आईआईटी दिल्ली को जिम्मेदारी :**

मंत्री श्री पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में 2019-20 में दरभंगा में बिहार के दूसरे एम्स की स्वीकृति प्रदान की गई थी। 750 बेड वाले इस अस्पताल के लिए 2020 में 1 हजार 264 करोड़ राशि की मंजूर की गई थी। वर्तमान में संस्थान को नए स्वरुप में बनाने हेतु आईआईटी दिल्ली को जिम्मेदारी दी गई है। जिसमें अनुमानित व्यय और अधिक होगी। जिससे आठ करोड़ से ऊपर मिथिलावासियों सहित नेपाल और पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों को सुलभ स्वास्थ का सपना साकार होकर अब हकीकत में बदलने जा रहा है।

**निर्माण के लिए कुल 187.44 एकड़ जमीन निर्धारित :**

स्वास्थ्य मंत्री श्री पांडेय ने बताया कि जमीन का दस्तावेज स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव शशांक शेखर सिन्हा ने एम्स के कार्यपालक निदेशक सह सीइओ माधवानंद कर को सौंपा। दरभंगा एम्स के निर्माण के लिए कुल 187.44 एकड़ जमीन निर्धारित की गई है। जिसे सौंपने की प्रक्रिया मुख्यमंत्री के प्रयासो से पूर्ण हो गयी। इस परियोजना से क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे में सुधार होगा और स्थानीय लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शोभन बाइपास की जमीन को एम्स निर्माण के लिए उपयुक्त बताया था। इसका निर्माण कार्य शीघ्र प्रधानमंत्री के द्वारा नींव रखकर मुख्यमंत्री के साथ शुरू किया जाएगा। जिसकी घोषणा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा कर चुके हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बाढ़ के पानी में चार बच्चों के डूबने से हुई मौत

बरियारपुर(मुंगेर)। बरियारपुर प्रखंड के अलग अलग स्थानों पर चार बच्चों के डुबकर मरने का समाचार प्राप्त हुआ हैं। बरियारपुर दक्षिणी पंचायत के साधु बाबा स्थान पर शिशम के पेड़ से छलांग लगाने के क्रम दो बालक करहरिया पश्चिमी पंचायत से एक बालक के डुबने से मौत हो गया वहीं पडिया पंचायत के वार्ड संख्या 2 के तीन वर्षीय बच्ची जो खाट से गिरने से मौत हो गया है इस आशय की जानकारी पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष बिरभद्र सिंह ने बताया। उन्होंने बताया कि यहां के महिलाओं के लापरवाही से ही आये दिन बच्चों के साथ यह हादसा देखने को मिल रही है।

### पश्चिम बंगाल में मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतरे, रूट बाधित

जलपाईगुड़ी। पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार डिवीजन के न्यू मयनागुड़ी स्टेशन पर एक मालगाड़ी की पांच बोगियां बेपटरी हो गई। मंगलवार सुबह हुई दुर्घटना के बाद मालगाड़ी की बोगियां रेलवे ट्रैक पर बिखर गई हैं। इस रूट पर ट्रेनों का परिचालन फिलहाल बाधित है। ट्रेनों को दूसरे रूट से परिवर्तित कर चलाया जा रहा है। परिचालन को सामान्य करने के लिए रेलवे की टीम तेजी से काम कर रही है। मौके पर डीआरएम समेत रेलवे के बड़े अधिकारी पहुंचे। हादसा कैसे हुआ इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। उल्लेखनीय कि पिछले कुछ दिनों से देश के अलग-अलग इलाको में ट्रेनों को बेपटरी होने की घटनाएं लगातार हो रही हैं। इस घटना के पीछे साजिश है या यह एक सामान्य दुर्घटना है, इसकी जांच की जा रही है।

# भूमि सर्वे का काम चल रहा है और चलता रहेगा : मंत्री

## बोलें- तीन महीने का समय देने से रैयतों को हुआ लाभ : दिलीप

- सुझाव देने और शिकायत करने के लिए टॉल फ्री नंबर 18003456215 जारी

प्रात : किरण

पटना। बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि भूमि सर्वे का काम चल रहा है और चलता रहेगा। समय बढ़ाया गया है जिससे रैयतों की मुश्किलें कम होगी और उन्हें लाभ मिलेगा। राजस्व विभाग के पदाधिकारी और कर्मचारी जनता को मदद करेंगे। मंगलवार को पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि जमीन माफिया जमीन सर्वे को लेकर अफवाह फैला रहे थे। विभाग द्वारा एक टॉल फ्री नंबर 18003456215 जारी किया गया है जिस पर रैयत अपनी समस्या और शिकायत दर्ज कर सकते हैं और सुझाव भी दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि सर्वे बंद नहीं होगा, यह चल रहा है और चलते रहेगा। इस सर्वे को लेकर अभी थोड़ी दिक्कत आ रही है लेकिन सर्वे होने के बाद भूमि से संबंधित सभी समस्याएं समाप्त हो जाएगी। विभाग के पदाधिकारी और कर्मचारी की भी अगर शिकायत मिलेगी तो उस पर भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि तीन महीने में कैथी लिपि का विभाग के लोग प्रशिक्षण भी प्राप्त कर लेंगे। उन्होंने बताया कि कैथी लिपि के साथ हिंदी में भी लिखने का निर्देश दिया गया है। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से कोई सांसद या विधायक जितनी आसानी से मिलते है उतनी आसानी से कोई नेता नहीं मिलता। इस मामले में तो मैं उनका कायल हूं। उन्होंने पुनौरा धाम विकास को लेकर पूछे गए एक प्रश्न पर उन्होंने कहा कि पुनौरा धाम सर्किट के निर्माण से देश ही नहीं दुनिया के पैमाने पर आएगा।

# हाईकोर्ट से सिद्धारमैया को नहीं मिली राहत, जमीन घोटाले मामले में चलेगा केस

प्रात : किरण

बेंगलूरू। मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण केस में कर्नाटक हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को राहत नहीं मिली है। हाईकोर्ट ने सीएम सिद्धारमैया पर केस चलने की मंजूरी दे दी है। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि याचिका में बताए गए तथ्यों की जांच करने की जरूरत है। बता दें कि, हाईकोर्ट ने 12 सितंबर को मामले की सुनवाई को पूरा कर अपने फैसले को सुरक्षित रख लिया था। इस याचिका में सिद्धारमैया ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण मामले में उनके खिलाफ राज्यपाल थावरचंद गहलोत द्वारा जांच के लिए दी गई मंजूरी को चुनौती दी थी। मंगलवार को मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण केस पर हाईकोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि, राज्यपाल कानून के हिसाब से केस चला सकते हैं। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना की पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि, राज्यपाल स्वतंत्र निर्णय ले सकते हैं और राज्यपाल गहलोत ने अपने दिमाग का पूरी तरह से इस्तेमाल किया है। इसलिए, जहां तक आदेश (मुख्यमंत्री पर मुकदमा चलाने का) का सवाल है, राज्यपाल के एक्शन में कोई खामी नहीं है। कथित मुडा घोटाले में शिकायतकर्ता टीजे अब्राहम ने कहा, भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन को बहुत बढ़ावा मिला है। मुझे यकीन है कि इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए न्यायाधीश ने पूरे देश में विभिन्न निर्णयों में काफी दूर तक यात्रा की है। यह एक शानदार आदेश है। हम इसके लिए तैयार थे।

**हम मुख्यमंत्री के साथ खड़े हैं :**

वहीं कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने कहा, मुख्यमंत्री द्वारा इस्तीफा देने का कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। वह किसी घोटाले में शामिल नहीं हैं। यह भाजपा द्वारा एक राजनीतिक साजिश है। हम उनके साथ खड़े हैं, हम उनका समर्थन करते हैं। वह देश, पार्टी और राज्य के लिए अच्छा काम कर रहे हैं। मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने कहा, हमें कानून पर भरोसा है। हम इसका मुकाबला करेंगे। हम डबल बेंच, अन्य बेंच और सुप्रीम कोर्ट में फैसले पर सवाल उठाएंगे। हम मुख्यमंत्री के साथ खड़े हैं।

# कैग का कार्यालय संविधान निर्माताओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरा है : राष्ट्रपति

## लेखा परीक्षा और मूल्यांकन शासन में जनता का विश्वास भी बढ़ता है

प्रात : किरण

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि लेखापरीक्षा संस्थाओं द्वारा लेखापरीक्षा और मूल्यांकन से न केवल सार्वजनिक धन की सुरक्षा होती है, बल्कि शासन में जनता का विश्वास भी बढ़ता है। राष्ट्रपति नई दिल्ली में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा आयोजित 16वीं एशियाई सर्वोच्च लेखा परीक्षा संस्थान संगठन सभा के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत का कैग देश के सार्वजनिक वित्त में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह अकारण नहीं था कि भारतीय संविधान ने कैग के कार्यालय को व्यापक अधिकार और पूर्ण स्वायत्तता प्रदान की है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि कैग का कार्यालय संविधान निमाताओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरा है। यह नीति संबंधी और नैतिक आचरण की एक सख्त संहिता का पालन करता है जो इसके कामकाज में सर्वोच्च स्तर की ईमानदारी सुनिश्चित करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के ऑडिट का कार्य पारंपरिक ऑडिटिंग से आगे बढ़कर जन कल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं की प्रभावशीलता का आकलन करना है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे सभी नागरिकों को समान रूप से सेवा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि तेजी से प्रौद्योगिकी-संचालित दुनिया में, अधिक से अधिक सार्वजनिक सेवाएं प्रौद्योगिकी का उपयोग करके प्रदान की जा रही हैं। इसलिए, ऑडिट को अपने निरीक्षण कार्यों को प्रभावी ढंग से करने में सक्षम होने के लिए तकनीकी विकास के साथ बने रहने की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज हम ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं, जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग और भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी जैसी उभरती डिजिटल प्रौद्योगिकियां आधुनिक शासन की रीढ़ बन रही हैं। डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना नागरिकों को प्रदान की जाने वाली डिजिटल अर्थव्यवस्था और सेवाओं के कामकाज को समर्थन देने और बढ़ाने के लिए आधार के रूप में कार्य करती है।






## संक्षिप्त खबरें

### कार्यपालक पदाधिकारी के नेतृत्व में सफाई मित्र सुरक्षित शिविर का किया गया आयोजन

दानापुर। नगर के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा 2024 को तेजी देने के उद्देश्य से नगर परिषद दानापुर द्वारा क्षेत्र में लगातार विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा है। इसी क्रम में कार्यपालक पदाधिकारी पंकज कुमार के नेतृत्व में सफाई मित्र सुरक्षित शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सफाई कर्मियों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य का जांच व आवश्यकतानुसार दवा वितरण किया गया। स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने के लिए लोगो को जानकारी व सलाह दी गयी। इसके साथ ही स्वभाव स्वच्छता व संस्कार स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने को लेकर कचरे का पुनः उपयोग करके उत्पादित वस्तुओं एवं जैविक खाद की प्रदर्शनी के लिए स्टॉल लगाया गया। कला कथा व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नगरवासियों को स्वच्छता के महत्व को बतात हुए गंदगियों से फैलने वाली बीमारियों व उससे बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा डोर टू डोर स्वच्छता समेत अन्य प्रकार की जानकारी देकर जागरूकता फैला गया। इस मौके पर स्वच्छता पदाधिकारी अपर्णा कुमारी, नगर प्रबंधक अमरेंद्र कुमार व ब्रजेश कुमार सिंह समेत नगर परिषद कर्मी उपस्थित थे।

### एनएसएस डे पर स्लम एरिया में छात्राओं ने बांटे वस्त्र

पटना सिटी (प्राकि)। एनएसएस डे पर स्थापना दिवस आरपीएम कालेज में मनाया गया। इस अवसर पर एनएसएस द्वारा गोद लिए गए बेगमपुर क्षेत्र में वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। बेगमपुर के स्लम एरिया में जाकर पुराने वस्त्र बांटे गए। समाजशास्त्र विभाग की डॉ नीलम कुमारी तथा डॉ मेराज ने वस्त्र दान करके एनएसएस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रोडॉ पूनम ने किया उन्होंने हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने एनएसएस के मूल सिद्धांतों पर विचार व्यक्त किया तथा छात्राओं को इस प्रकार के समस्त सेवा के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस पदाधिकारी डॉ जयंती रानी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ अंजू जैन ने दी।

# परिवार नियोजन में चिन्हित कमजोर जिलों के लिए बनी रणनीति

## परिवार नियोजन से संबंधित पदाधिकारियों की कमी भी होगी पूरी

● एनएफएचएस के कमजोर मानकों पर 13 जिलों में होगा काम

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




पटना। परिवार नियोजन कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार अपनी योजनाओं को और मजबूत कर रहा है। राष्ट्रीय परिवार हेल्थ सर्वेक्षण के अनुसार परिवार नियोजन में कमजोर प्रदर्शन करने वाले जिलों को चिन्हित किया गया है। कमजोर प्रदर्शन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कुल 13 जिलों को चिन्हित कर इन्हें उच्च प्राथमिकताओं वाले जिलों में शामिल किया है। उच्च प्राथमिकता वाले जिलों में अररिया, बेगुसराय, दरभंगा, मोतिहारी, जहानाबाद, कटिहार, खगड़िया, मधेपुरा, मधुबनी, पूर्णियां, सहरसा, सीतामढ़ी और बेतिया शामिल हैं। एचएफएचएस के चार मानकों को बनाया आधार विभाग ने कमजोर जिलों को चिन्हित करने के लिए एनएफएचएस 5 के चार मानकों को आधार बनाया है। मानकों में टोटल अनमेट नीड, परिवार नियोजन के लिए किसी भी तरह के आधुनिक तरीके का इस्तेमाल, 20 से 24 साल की ऐसी महिलाएं जिनकी शादी 18 से पहले हुई हो, और 15 से 19 के बीच ही मां बनने वाली महिलाओं के आंकड़े शामिल हैं।

पटना विश्वविद्यालय में पॉपुलेशन रिसर्च सेंटर में एसोशिएट प्रोफेसर रह चुके डॉ दिलीप कुमार के अनुसार टोटल अनमेट नीड किसी भी परिवार नियोजन की रीढ़ है। इसके अलावा किशोरावस्था में शादी और 15 से 19 के बीच में मां बनना किशोरियों के प्रजनन स्वास्थ्य शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए घातक है। परिवार नियोजन के लिए राज्य से लिए गए कदम परिवार नियोजन में राज्य के आंकड़े प्रोत्साहित करने वाले हैं। राज्य में कुल प्रजनन दर, स्थायी साधनों के प्रयोग के आंकड़ों में सुधार तो हुआ है, पर इसके अलावा एनएफएचएस के मानकों पर खरा उतरने और कमजोर प्रदर्शन वाले जिलों के लिए राज्य की तरफ से एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। इसमें मानकों के आधार पर कम प्रदर्शन करने वाले प्रखंड और स्वास्थ्य संस्थानों की पहचान, जिलों एवं प्रखंडों का सतत मूल्यांकन, जिला स्तर पर सीएचओ और एएनएम के कम्युनिकेशन स्किल्स में विकास कर मास्टर ट्रेनर के रूप में विकसित करना, वीसी के द्वारा परिवार नियोजन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पाक्षिक वार्ता स्थापित करना, कमजोर प्रदर्शन करने वाले जिलों से लगातार संपर्क स्थापित करना और परिवार नियोजन के रिक्त पड़े पदाधिकारियों एवं स्वास्थ्य कार्यकताओं की रिक्तियों को पूरा किया जाएगा।

# एनएमसीएच में तंबाकू निषेध सेंटर का हुआ ऑन लाइन उद्घाटन



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नशा मुक्ति केंद्र में तंबाकू निषेध सेंटर का ऑनलाइन उद्घाटन केंद्रीय राज्य मंत्री ने मंगलवार को किया। इसके बाद कॉलेज की प्राचार्य डॉप्रो उषा कुमारी, अधीक्षक डॉप्रो बिनोद कुमार सिंह एवं उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार ने फीता काट कर इसका स्थानीय स्तर पर लोकार्पण किया। इस केंद्र में मरीजों को तंबाकू से संबंधित परामर्श देने के साथ ही दवा भी दी जाएगी। यहां फिलहाल विभिन्न नशा मसलन शराब, अफीम, भांग, चरस के सेवन करने वाले को इसकी आदत छुड़ाने के लिए नशा मुक्ति केंद्र काम कर रहा है। इसके नोडल प्रभारी डॉक्टर संतोष कुमार हैं। साथ ही तंबाकू निषेध सेंटर के भी वे नोडल ऑफिसर बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि तंबाकू निषेध सेंटर में अस्पताल के चार विभाग मेडिसिन, डेंटल, चेस्ट और रेडियोथेरेपी के चिकित्सक भी यहां अपनी सेवा देंगे। फिलहाल यहां नशा छुड़ाने के लिए 22 मरीज भर्ती हो इलाजरत हैं। तंबाकू के तहत खैनी, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, गुटखा आदि का सेवन करने वालों का इलाज किया जा सकेगा। इस दौरान आगतों का स्वागत डॉक्टर संतोष कुमार ने किया। मौके पर डॉप्रो अजय कुमार सिन्हा, डॉ रूपम कुमारी, डॉक्टर राजकिशोर प्रसाद, डॉ अनिता कुमारी, डॉक्टर प्रकाश चंद्र झा आदि मौजूद थे।

# भारतीय शिक्षा व्यवस्था से बौद्ध व विदेशी शिक्षा पद्धति का हुआ विकास

## पुरातत्वविद् डॉ अनंत सदाशिव अल्तेकर की 126वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण पटना मंडल, बिहार पुराविद् परिषद और फेसेस की ओर से कुम्हरार स्थित हेरिटेज पार्क के कृष्णदेव सभागार मे मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत-विज्ञ, मुद्रा-शास्त्री, शिक्षा शास्त्री और पुरातत्वविद् डॉ अनंत सदाशिव अल्तेकर की 126वीं जयंती समारोह पर कार्यक्रम किया गया था। इसकी अध्यक्षता पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ कामेश्वर प्रसाद व संचालन संग्राहलय के पूर्व निदेशक डॉ उमेश चंद्र द्विवेदी ने किया। अतिथियों का स्वागत फेसेस की सचिव सुनीता भारती व धन्यवाद ज्ञापन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद् वीरेन्द्र कुमार ने किया। कार्यक्रम में पटना विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ जयदेव मिश्र ने व्याख्यान में कहा कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था से बौद्ध व विदेशी शिक्षा पद्धति का विकास हुआ। आयोजन में डॉ डीवाई पाटिल इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने रविन्द्रनाथ ठाकुर के नाटक चंडालिका का मंचन करते हुए जाति भेद को समाज की विकृति बताया। इसके बाद डॉ अनंत सदाशिव अल्तेकर के जीवन अधारित सौ वर्षीय शिष्य डॉ मदन मोहन सिंह के साक्षात्कार पर आधारित डाक्यूमेंट्री दिखायी गई। आयोजन काशी प्रसाद जायसवाल शोध संस्थान के निदेशक डॉ कुमारी ललिता तथा डॉ हर्षवर्धन, तथा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद डॉ संजय कुमार एवं डॉ वैभव उपस्थित थे। फेसेस के शुभम कुमार, अवधेश दास, निरंजन उपाध्याय और संतोष कुमार सक्रिय थे।

# स्कूल के बजाए गंगा स्नान करने पहुंचा किशोर गंगा नदी में डूबा

## नहीं खोज पाई एसडीआरएफ की टीम, बचाने की कोशिश विफल

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



आजकल घर से बच्चे, किशोर और छात्र परिजनों को कुछ बताए गंगा नदी के किनारे जाकर पानी में अठखेलियां करते हैं। नतीजा यह होता है कि डूबने से मौत हो जाती है। माता-पिता सहित परिजन परेशान होते हैं। ऐसा ही एक वाकया खाजेकलां थाना क्षेत्र के खाजेकलां घाट पर मंगलवार को हुआ है। मां जिउतिया नहाए-खाय की तैयारी कर रही थी और इधर बेटा के गंगा नदी में डूबने की सूचना मिल गई। दरअसल गुरहट्टा कोटगस्त चौकी के पीछे रहने वाले रवि कुमार के करीब 15 साल के पुत्र मांशु कुमार अपने मित्र अभिमन्यु के साथ खाजेकलां घाट पहुंचा। यहां दोनों पानी में स्नान करते हुए अठखेलियां कर रहे थे। इसी दौरान मांशु पानी में डूबने लगा। उसे बचाने की पूरी कोशिश उसके साथी अभिमन्यु ने किया। बचाने के दौरान वह भी डूबने लगा। इसी दौरान घाट किनारे स्नान कर रही दो महिलाओं ने अपना दुपट्टा व साड़ी दोनों की ओर फेंकी। अभिमन्यु ने उसे पकड़ लिया, जबकि देखते ही देखते मांशु पानी में लापता हो गया। जैसे ही घाट किनारे रहे दुकानदारों को इसकी सूचना मिली कि एक युवा दुकानदार निखिल के यहां दो-तीन तैराक युवक बैठा था। तेजी के साथ दोनों पानी में छलांग लगाया, मगर शव को खोज नहीं पाया। इसकी सूचना थानाध्यक्ष और एसडीओ को दी गई। थानाध्यक्ष प्रभात रंजन सक्सेना ने इस संबंध में सूचना एसडीआरएफ के एसआई दुगार्नंद प्रसाद को दी। एसडीओ सत्यम सहाय भी एसडीआरएफ को सूचित किए। दो मोटरबोट पर सवार होकर एसडीआरएफ की टीम नदी के रास्ते खाजेकलां घाट पहुंची। यहां डीप गोताखोर को पानी के अंदर, जहां पर किशोर डूबा था, वहां और आसपास में देखा गया, मगर किशोर का कुछ पता नहीं चल पाया। अंततः एसडीआरएफ की टीम ने प्रयास छोड़ दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने कहा कि बुधवार की सुबह फिर शव को खोजने का काम किया जाएगा। मांशु कुमार के पिता रवि कुमार ने बताया कि उनका बेटा बताया था कि 12 बजे से स्कूल है। इस दौरान वह 10.30 से 11 के बीच घर से खाजेकलां घाट पहुंच गया। वह महिला चरखा मध्य विद्यालय में आठवां का छात्र था। वह दो भाइयों में बड़ा था। उसकी कोई बहन नहीं है। घाट किनारे पिता, मां एवं अन्य परिजनों का रोकर बुरा हाल था। बार-बार सभी गंगा माता को प्रणाम करते हुए बेटे का शव प्रदान करने की बात कह रोना-पीटना लगा रखा था। इधर अभिमन्यु भी अपने मित्र के डूबने के बाद खासा शोक में दिखा। वह बिल्कुल शांत भाव से कोने में बैठा था। उसके परिजन आए और उसे संभाला और घर ले गए। अभिमन्यु ने कहा कि दो-तीन बार उसके घर के मोबाइल पर कॉल कर मांशु ने जबरन खाजेकलां घाट चलने की जिद किया, तभी वह उसके साथ यहां आया। दरअसल वह स्टील के रोड पर खड़ा होकर पानी में छलांग लगा रहा था। यही उसके डूबने का कारण भी बना।

# महिला कल्याण संगठन के द्वारा सैनेटरी पैड का वितरण व ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर खगौल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा शालिनी चौधरी व अन्य सदस्यायों के द्वारा लगभग 100 महिला सफाई कर्मचारी व उनके बालिकाओं के बीच सैनिटरी पैड का वितरण किया गया। महिला कल्याण संगठन के अध्यक्षा ने उपस्थित महिला बालिकाओं से उन्हें शारीरिक स्वच्छता को किस प्रकार रखनी चाहिये इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने शरीर की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए।विदित हो कि महिला कल्याण संगठन जनहित कार्यों में हमेशा बढ-चढ़कर हिस्सा लेती रही हैं। यह संगठन न सिर्फ रेल कर्मचारियों के परिवार के लिए बल्कि समाज के अन्य वर्गों के हितार्थ कल्याणकारी योजनाओं का संचालन भी करती है । महिला कल्याण संगठन महिलाओं के स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए भी प्रतिबद्ध है।वहीं पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल महिला कल्याण संगठन द्वारा रेलवे हाई स्कूल, दानापुर में रेल कर्मियों के बच्चों के लिए ऑन-द-स्पॉट अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता 2024 एवं ऑन-द-स्पॉट अखिल भारतीय ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 205 निबंध प्रतियोगिता में 85 ड्राइंग पेंटिंग प्रतियोगिता में 120 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को महिला कल्याण संगठन द्वारा पेंसिल, कॉपी पेंटिंग के लिए कलर पेंसिल, रंग, पेंटिंग ब्रश आदि का भी वितरण किया गया।इस अवसर पर महिला कल्याण संगठन दानापुर अध्यक्षा श्रीमती शालिनी चौधरी, सचिव श्रीमती मृणालिनी सिन्हा एवं सदस्य मीनाक्षी आदि उपस्थित रहीं। विदित हो कि इस प्रतियोगिता में भाग लिए बच्चों की चुनी गई ड्राइंग पेंटिंग को पूर्व मध्य रेल के मुख्यालय हाजीपुर को भेजा जाएगा वहां से पांचो मंडलों दानापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, धनबाद, समस्तीपुर एवं सोनपुर द्वारा भेजी गई ड्राइंग व पेंटिंग को दिल्ली रेलवे बोर्ड भेजा जाएगा। चुने गए ड्राइंग व पेंटिंग को बनाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# मसाला में थाना अध्यक्ष राजकुमार सिंह को मिला दो प्रशस्ति पत्र



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

विधि व्यवस्था संधारण और अपराध के आंकड़े में खासा कमी लाने के साथ ही संपन्न पर्व त्योहार को शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए मालसलामी थाना के थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक राजकुमार सिंह को सिटी एसपी ईस्ट ने दो प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। पहला प्रशस्ति पत्र सात अगस्त, 24 की तिथि में सिटीएसपी ईस्ट भारत सोनी ने प्रदान करते हुए कहा है कि आपने सौंप गए कार्यों एवं दायित्वों का निर्वहन काफी लगन, मेहनत, निष्ठापूर्वक एवं सजगता के साथ किया है। इस कारण आपके क्षेत्रांतर्गत अपराध के आंकड़ों में खासा कमी आई है। अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था संधारण की दिशा में आपका यह कार्य सराहनीय है। वहीं दूसरी ओर 14 सितंबर को भी एक प्रशस्ति पत्र उन्हें प्रदान किया गया। इसमें लोकसभा चुनाव 2024 के अलावा विभिन्न पर्व शबे बरात, महाशिवरात्रि, होली, रामनवमी, मोहर्रम, चेहल्लुम, श्री कृष्ण अष्टमी जैसे पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया गया है। आपके कुशल नेतृत्व, कार्यशैली, अभिरुचि एवं तन्मयता का यह परिचायक है। हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इसके लिए भी आपको प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

# तख्तश्री में बनने वाले दूसरे मंजिल के लिंटर को कारसेवा के द्वारा किया गया



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में देश-विदेश से आने वाली सिख संगतों के रिहाइश की कमी हो जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए लगातार रिहाइश निर्माण का काम जोरों से चल रहा है। मंगलवार को गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत के द्वारा तख्तश्री पटना साहिब के परिसर में बनने जा रहे माता सुंदरी जी यात्री निवास के दूसरे मंजिल का लिंटर कारसेवा के द्वारा किया गया। इस दौरान जत्थेदार बाबा सुखविंदर सिंह एवं बाबा गुरविंदर सिंह ने बताया कि तख्तश्री पटना साहिब में छह मंजिला सौ आधुनिक कमरे का निर्माण गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत के बाबा कश्मीर सिंह भुरीवाले को निर्माण करने की जिम्मेदारी प्रबंधक कमेटी तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब ने सौंपी है। इसी के तहत दूसरी मंजिल के लिंटर का काम मंगलवार को किया गया। इसके पूर्व तख्तश्री पटना साहिब के जत्थेदार भाई बलदेव सिंह, एडिशनल हेड ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह, परशुराम सिंह व अमरजीत सिंह ने अरदास किया। मौके पर कथावाचक ज्ञानी सुखदेव सिंह, ग्रंथी ज्ञानी रोशन सिंह, कथावाचक दलजीत सिंह, सतनाम सिंह, बाबा गुरनाम सिंह दिल्लीवाले, बाबा गुरदीप सिंह पटियालावाले, बाबा सुखविंदर सिंह, बाबा गुरविंदर सिंह, बाबा मनविंदर सिंह, बाबा चमकौर सिंह के अलावा सुनील सिंह, तारा सिंह, इंजीनियर मनप्रीत सिंह, मैनेजर हरप्रीत सिंह, सेवादार कल्याण समिति के संरक्षक बलराम सिंह आदि मौजूद थे। दरअसल आने वाले प्रकाश पर्व को लेकर तेजी के साथ काम किया जा रहा है। पूरा रिहाइश छह फ्लोर का बनना है। इसमें सौ आधुनिक कमरे का निर्माण किया जाएगा। नीचे बेसमेंट में बाथरूम, स्नान घर आदि गुरु पर्व के पूर्व तैयार हो जाएगा। हालांकि इस दौरान तख्तश्री कमेटी के कोई भी पदाधिकारी मौजूद नहीं दिखे।

### एसबीआई ने श्री बड़ी पटनदेवी के महंत को सौंपा बड़ा स्क्रीन का टीवी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी, शक्तिपीठ स्थल श्री बड़ी पटनदेवी मंदिर परिसर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा एक बड़ा 70 इंच का फ्लैट टीवी प्रदान किया गया है। एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक आनंद कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक (दक्षिण बिहार) रविंद्र कुमार श्रीवास्तव एवं उप महाप्रबंधक जोरा सिंह ने आश्वस्त किया है कि आने वाले समय में बैंक के द्वारा सामाजिक कार्य एवं श्री बड़ी पटनदेवी मंदिर परिसर में और भी सेवा दिया जाएगा। दरअसल शक्तिपीठ स्थल में यह बड़ा टीवी इस उद्देश्य से लगाया गया है, ताकि श्रद्धालुओं के लिए जागरुकता, भीड़ भाड़ से बचाव के लिए सुरक्षा निर्देश एवं माता भगवती का दर्शन भी लाइव दिखाया जा सकेगा। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी के अध्यक्ष राजेश बल्लभ उर्फ मुन्ना यादव ने इस कार्य की सराहना करते हुए बैंक का आभार जताया। साथ ही कहा कि आने वाले नवरात्र के दिनों में श्रद्धालुओं की भीड़ यहां उमड़ती है।

# दशहरा पर प्रतिमा स्थापित कर पूजा करने वाले आयोजकों को मानना होगा प्रशासनिक निर्देश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



इस बार दशहरा के अवसर पर प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना करने वाले आयोजकों को प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का सख्ती के साथ अनुपालन करना होगा। ऐसा नहीं किए जाने की स्थिति में कानून के दायरे में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह बात अनुमंडलीय शांति समिति की मंगलवार को गुलजारबाग स्टेडियम के सभागार में हुई बैठक के दौरान एसडीओ सत्यम सहाय ने कही। इस दौरान कहा गया कि प्रतिमा स्थापित करने वालों को हर हाल में निश्चित समय के अंदर संबंधित थाना के थानाध्यक्ष को लाइसेंस लेने के लिए आवेदन करना होगा। उसमें समिति के 20 सदस्यों का मोबाइल नंबर, फोटो एवं आधार कार्ड जमा करना होगा। लाइसेंस में विसर्जन की तारीख, समय और मार्ग के साथ ही कितनी संख्या में लोग शामिल होंगे, के साथ मूर्ति विसर्जन करना है। शोभायात्रा में अस्त्र-शस्त्र लेकर चलना मना है। साथ ही कोई भी नशापान करते यही नशा की हालत में पाया जाएगा, तो उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया जाएगा। शोभायात्रा के दौरान भड़काऊ नारा या किसी को आहत करने वाला पोस्टर प्रदर्शनी का डिस्प्ले नहीं किया जाएगा। डीजे पर पूर्व से जारी प्रतिबंध लागू रहेगा। इसके बावजूद कोई पूजा समिति शोभायात्रा में डीजे को शामिल करता है, तो न केवल उसे जब्त किया जाएगा, बल्कि पूजा समिति के लोगों पर भी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान एएसपी अतुलेश झा एवं डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि पुलिस अपनी सार्थक भूमिका निभाएगी। पर्व त्योहार के दौरान नशापान कर सड़क पर चलना या पूजा पंडाल में रहने पर उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पूजा आयोजकों को सुरक्षा मानक का पूरा इंतजाम करना होगा। अग्निशमन यंत्र, बालू और पानी का भंडारण भी करना होगा। भक्तों के दर्शनार्थ दो पंक्ति एक महिला और एक पुरुष के लिए बनाना होगा। पूजा समिति अपने वालंटियर को पहचान पत्र निर्गत करेगी, ताकि यह पता चल सके कि यह व्यक्ति पूजा समिति से जुड़ा हुआ है। प्रतिमा विसर्जन को निकालने वाले शोभायात्रा का संबंधित थाना की पुलिस स्कॉर्ट करेगी। इस दौरान कोई भी भड़काऊ नारा नहीं लगना चाहिए। डीजे नहीं बजेगा। अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने पर रोक होगा। कोई भी हॉकी स्टिक, तलवार आदि लेकर नहीं चलेंगे, वरना पुलिस उसे जब्त करते हुए कार्रवाई करेगी। दशहरा के साथ ही पर्वों का दौर शुरू हो चुका है और इसका समापन दीपावली के बाद कार्तिक पूर्णिमा को होगा। ऐसे में हर वर्ग के लोगों से पुलिस प्रशासन यह अपेक्षा रखता है कि वह विधि-व्यवस्था संधारण में पूरा सहयोग करें और पर्वों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में मदद करें। कहीं कोई ऐसी घटना या संदिग्ध गतिविधि दिखती हो, तो फौरन थाना अध्यक्ष, एसडीपीओ, एसडीओ या डायल 112 पर सूचित करें। बैठक के दौरान श्री बड़ी पटनदेवी के महंत विजय शंकर गिरी, संजय अलबेला, गणेश कुमार, बाबू भाई, मनोज शर्मा, शाहिद अंसारी, संजय मालाकार, कृष्ण कुमार, मिथिलेश कुमार, राजेश गुप्ता, पूर्व पार्षद धर्मेंद्र प्रसाद मुन्ना, चुन्नू चंद्रवंशी, मनोज गुप्ता, डॉ राजीव गंगौल, रामजी योगेश, प्रफुल्ल पांडेय, अनिल यादव, बसी अख्तर, मुन्ना सरकार, अंजू सिंह, सबा करीम, संजीव देवड़ा, रमेश रजक, हेदायत अहमद आदि शामिल थे। हालांकि इस दौरान पटना नगर निगम के पटना सिटी अनुमंडल क्षेत्र से जुड़े वार्ड पार्षदों की उपस्थिति नहीं देखी गई। बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों ने अबाधित बिजली व पानी की आपूर्ति, बिजली के लटके तार को दुरुस्त करना, मुख्य मार्ग, संपर्क पथ एवं गलियों की मरम्मत, सफाई, स्ट्रीट लाइट को ठीक करना, गंगा किनारे भद्रघाट से पटना घाट पाथ-वे के बीच पुलिस की गश्ती, जेपी सेतु पर भी पुलिस गश्त के साथ स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, श्री बड़ी पटनदेवी, श्री छोटी पटनदेवी, अगमकुआं स्थित श्री शीतला माता मंदिर में उमड़ने वाले श्रद्धालुओं के पूजा-अर्चना करने के दौरान यहां मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की तैनाती आदि मुद्दे रखे गए।

# मौलाना मजहरुल हक विश्विद्यालय ने मनाया एनएसएस स्थापना दिवस

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। मौलाना मजहरुल हक अरबी फारसी विश्वविद्यालय में आज राष्ट्रीय सेवा योजना (एन एस एस) के स्थापना दिवस पर लायंस क्लब ऑफ पटना हार्मनी और एम्स पटना के संयुक्त तत्वावधान में एक रक्तदान शिविर तथा साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला आयोजित की गई। रक्तदान शिविर में कुलसचिव कर्नल कामेश कुमार ने सबसे पहले रक्तदान कर इस अभियान की शुरूआत की। बाद में विश्वविद्यालय की शिक्षिकाओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी विद्यार्थियों के साथ बढ़ चढ़ कर रक्तदान अभियान में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत कर्नल कामेश कुमार द्वारा साइबर सुरक्षा पर पावर प्वाइंट प्रस्तुति के साथ हुई जिसमें उन्होंने साइबर फजीवाड़े के प्रकार, उपाय और कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के दौरान एक न्यूजलेटर का लोकार्पण भी किया गया। विश्वविद्यालय का एन एस एस प्रकोष्ठ पिछले कुछ समय से लगातार सामाजिक सरकोकर वाली गतिविधियां आयोजित करता आ रहा है जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशालय के साथ मिलकर विगत 14 व 15 सितंबर को बिहार झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों के छात्रों का गणतंत्र दिवस परेड के चयन शिविर की मेजबानी भी उल्लेखनीय है।

स्वागत भाषण एन एस एस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ निखिल आनंद गिरि तथा धन्यवाद ज्ञापन एन एस एस सेल की एडवाइजरी कमेटी के डॉ. मो जमशेद आलम ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल कामेश कुमार, डीन (एकेडमिक्स) डॉ. एजाज आलम, वित्त अधिकारी के वी मिश्रा, एस टी कॉलेज के एकेडमिक कोऑर्डिनेटर शील निधि, लायंस क्लब पटना हार्मनी की श्रीमती मीना, बिधु रानी, लायंस क्लब पटना बुद्धा की सुलग्ना बोस, एम्स ब्लड बैंक के डॉक्टर और बड़ी संख्या में एन एस एस स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### दो ग्रामीण सड़कों का विधायक ने किया शिलान्यास

संग्रामपुर (मुंगेर) ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा प्रखंड क्षेत्र में बनने वाली दो ग्रामीण सड़कों का मंगलवार को स्थानीय विधायक राजीव कुमार सिंह के द्वारा शिलान्यास किया गया। प्रखंड क्षेत्र के दीदारगंज पंचायत के कहुआ गाँव में चंदपुरा राणा डीह पथ से कहुआ उत्तर टोला पथ पर 42.69 लाख की लागत से एवं रामपुर पंचायत के खैरा गांव में मैंझगाई मनियां ग्रामीण पथ से खैरा गांव तक 31.80 की लागत से सड़क का निर्माण किया जाना है। इसी दोनों सड़कों का शिलान्यास विधायक राजीव कुमार सिंह के एवं विधायक के साथ मौजूद अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार के द्वारा फीता काटकर संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर विधायक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन की सरकार में हर गांव तक सड़क एवं बिजली पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया था। जिसे लगभग पूर्ण कर लिया गया है। वैसे गांव जिसका संपर्क पथ जर्जर है उन्हें भी तुरंत दुरुस्त करने का कार्य मौजूदा सरकार के द्वारा किया जा रहा है। खैरा एवं कहुआ के ग्रामीणों की मांग पर इन दोनों सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। इस मौके पर विधायक के साथ जदयू प्रखंड अध्यक्ष कमलनयन सिंह, जदयू जिला प्रवक्ता मनोज कुमार रघु के अलावा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### संग्रामपुर थाना के नए थानाध्यक्ष के रूप में तारकेश्वर कुमार सिंह ने किया पदभार ग्रहण

संग्रामपुर (मुंगेर) संग्रामपुर थाना के नये थानाध्यक्ष के रूप में मंगलवार को तारकेश्वर कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व में टेटिया बंबर थाना अध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने थाने के सभी पुलिसकर्मियों से औपचारिक जान-पहचान की। उसके बाद थाने का जायजा लिया। साथ ही नए थानाध्यक्ष ने थाना क्षेत्र की जानकारी हासिल कर महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा करते हुए थाने में पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ बैठक कर विचार विमर्श कर कई दिशा निर्देश दिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि अपराध नियंत्रण, विधि व्यवस्था के साथ साथ क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण, शराब तस्करों पर शिकंजा, शांति व्यवस्था कायम रखना व नागरिकों के बीच पुलिस की बेहतर कार्य कुशलता व छवि प्रस्तुत करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

## मुख्य सचिव ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई बिहार में विकासात्मक कार्यों में तीव्र गति लाने के मद्देनजर मुख्य सचिव, बिहार श्री अमृत लाल मीणा के द्वारा मंगलवार 24 सितम्बर को 11:00 बजे अपराह्न से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षात्मक बैठक आहूत की गयी। इस दौरान मुख्य सचिव ने कार्यों की समीक्षा के साथ साथ कई दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों ने एनआईसी में समीक्षा बैठक में भाग लिया।

मुख्य सचिव ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, संसदीय कार्य विभाग, निगरानी विभाग, निर्वाचन विभाग, वाणिज्य कर विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, वित्त विभाग, खान एवं भू तत्व विभाग, मध निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग, परिवहन विभाग, विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, खेल विभाग कला संस्कृति एवं युवा विभाग तथा विधि विभाग आदि के आंकड़ों से रूबरू हुए और कार्यों में तीव्र गति लाने हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने मौजूद विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर देय दायित्वों का निर्वहन किये जाने का पाठ पढ़ाया। उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों को विभागीय समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि आपसी समन्वय बनाकर निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें और प्रदेश के बदलाव में अहम भूमिका निभाएं। जिलाधिकारी श्रीमती शर्मा ने मौके पर सरकार के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर गति दिये जाने का निर्देश सभी सम्बन्धित पदाधिकारी को देते हुए कहा कि किसी भी सूरत में अनियमितता बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला पंचायती राज पदाधिकारी, भूमि उप समाहर्ता समेत सभी सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## रतनपुर में जिलास्तरीय सक्षम दिव्यांग संगठन की टीम ने चलाया दिव्यांगों के लिए जागरूकता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/गिद्धौर प्रखंड के रतनपुर पंचायत के साह टोला बजरंगबली मंदिर के प्रांगण में मंगलवार को सक्षम संगठन के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार पांडे की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। मौके पर श्री पांडे ने कहा कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं, बल्कि जीवन की एक चुनौती है। जिस प्रकार हर मानव अपने जीवन को चलाने के लिए संघर्ष करता है उसी प्रकार दिव्यांगता को भी एक चुनौती मानकर काम करते रहने से वह व्यक्ति सफल होता है। आगे उन्होंने कहा कि सफलता की कुंजी संघर्ष है, इसलिए हर एक कठिन काम को लक्ष्य के साथ पूरा करने के लिए व्यक्ति को हमेशा आगे रहना चाहिए। ऐसा करने से सफलता अवश्य मिलती है।बैठक में रतनपुर पंचायत के दिव्यांगों की समस्याओं को सुना। यहां के दिव्यांगजनों को दिव्यांग सर्टिफिकेट, बैटरी ट्राई साइकिल, बैसाखी, पेंशन, राशन कार्ड सहित अन्य समस्याओं को सबों ने रखा। जिलास्तरीय चलंत टीम के जिला अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी हर दिव्यांगों के घर-घर जाकर उनकी समस्या को सुनेंगे और निवारण करने का प्रयास करेंगे। मौके पर चलंत टीम जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार दुबे, जिला युवा प्रमुख विपिन कुमार, बरहट प्रखंड अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद राव, विजय कुमार साह, सुरेश मेहता, जयंत राज, जितेंद्र कुमार, मंटू कुमार साह, पिंटू कुमार, संजय साह, नित्या साह आदि अन्य दिव्यांग ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन




प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मंगलवार को नगर पंचायत संग्रामपुर के कार्यालय में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी मनीला राज ने किया। जहां सर्वप्रथम नगर पंचायत के पदाधिकारी एवं सफाई कर्मियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर नगर पंचायत के साफ सफाई हेतु स्वच्छता की शपथ लिया। मौके पर उपस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा नगर पंचायत संग्रामपुर में कार्यरत सफाई कर्मियों को चिकित्सा सेवा प्रदान की गई। जहां सफाई मित्र के स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधित सुझाव एवं परामर्श देते हुए आवश्यक दवाइयां दी गई। कार्यपालक पदाधिकारी मनीला राज ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का उद्देश्य सफाई कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। उन्होनें स्वच्छता अभियान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की भलाई के लिए आवश्यक है। सफाई मित्रों के योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि स्वच्छता के बिना स्वस्थ समाज की कल्पना असंभव है। उन्होंने सभी को स्वच्छता बनाए रखने और एक स्वस्थ समाज की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मौके पर नगर पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक जय प्रकाश सफाई कर्मी नव निर्वाचित जनप्रतिनिधि सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## जिले के सरकारी स्कूलों की होगी रैंकिंग,दिए जाएंगे अंक

प्रात : किरण संवाददाता



- शिक्षा विभाग की ओर से नवंबर और मार्च में स्कूलों की रैंकिंग करने की योजना,शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने दिया दिशा-निर्देश

गिद्धौर। जिले के सरकारी विद्यालयों में रैंकिंग की जाएगी। विभाग के अनुसार सरकारी योजनाओं व विभागीय निदेशों के पालन की जांच कर वर्ष में दो बार रैंकिंग की जाएगी। इस संबंध में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने डीईओं को एक पत्र भेजा गया है। विद्यालयों में पढ़ा रहे शिक्षक शिक्षिकाओं के शैक्षणिक गुणवत्ता की भी ग्रेडिंग की जाएगी। सरकारी विद्यालयों में संचालित विभिन्न गतिविधियों,शिक्षण,संसाधन उपयोग, साफ-सफाई स्वच्छता, शिकायत निवारण सह शैक्षणिक गतिविधियां आदि के लिए 100 अंक तय किए गए हैं। रैंकिंग की प्रविष्टि सभी शिक्षकों के वार्षिक मूल्यांकन में अनिवार्य रूप से की जाएगी। साल में दो बार होगी रैंकिंग शिक्षा विभाग की ओर से इसको लेकर वर्ष में दो बार नवंबर और मार्च माह में विद्यालयों की रैंकिंग की जाएगी। इसके लिए प्राथमिक,मध्य, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों के लिए प्रपत्र तैयार किए गए हैं। संसाधन उपयोग पर भी मिलेंगे अंक नामांकित छात्रों के अनुपात में कक्षा की उपलब्धता पर दो रनिंग वाटर, जलापूर्ति की व्यवस्था व ओवरहेड टैंक की कार्यात्मक स्थिति पर दो, आईसीटी लैब के उपयोग पर दो, विज्ञान लैब के उपयोग पर दो, तथा पुस्तकालय के उपयोग पर दो अंक निर्धारित किए गए हैं। व्यायाम व खेल नियमित रूप से आयोजित करने पर भी मिलेंगे अंक चेतना सत्र में बच्चों की सक्रिय भागीदारी पर दो,योग,व्यायाम व खेल नियमित रूप से आयोजित करने पर दो,स्वास्थ्य जांच,आयरन की गोलियां व आंखों की जांच पर दो तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेल दिवस के लिए वार्षिक दिवस पर दो अंक मिलेंगे। शिकायत निवारण के लिए तीन अंक निर्धारित किए हैं। इन मानकों पर की जाएगी ग्रेडिंग पिछले तीन माह में छात्रों की औसत उपस्थिति पर 10,छात्रों के क्लासवर्क,होमवर्क व वर्कशीट की नियमित जांच पर पांच,विद्यालय अवधि के बाद मिशन दक्ष के तहत कक्षा पर 3 व नियमित रूप से शिक्षक अभिभावक आयोजन पर दो अंक अर्धवार्षिक व वार्षिक परीक्षा का औसत अंक पर 20,मासिक जांच परीक्षा में औसत अंक पर 10 अंक मिलेंगे। इसी तरह कटे नाखून,संवरे वाल व साफ पोशाक युक्त छात्र पर 2.5,रसोईघर की साफ-सफाई,विद्यालय परिसर की साफ-सफाई व शोचालय की साफ-सफाई प्रत्येक पर 2.5 अंक निर्धारित किए गए है।

## नहाए- खाए के साथ जितिया व्रत शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड क्षेत्र में संतान के दीघार्यु की कामना के लिए महिलाएं 25 सितंबर बुधवार को जीवित्पुत्रिका व्रत करेगी। व्रत के एक दिन पूर्व 24 सितंबर मंगलवार को नहाय खाय के साथ यह व्रत शुरू हो गया। प्रत्येक वर्ष आश्विन कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को किया जाता है। महिलाएं इस व्रत में 24 घंटे तक निर्जला व निराहार रहकर अपनी संतान के लिए मंगल कामना करती है। उपवास के पूर्व ओठगन की परंपरा रही है। लेकिन इस बार सप्तमी का प्रवेश 24 सितंबर मंगलवार शाम 5:57 तक रहेगा। इसके बाद 5:58 से अष्टमी का प्रवेश हो जाएगा।इस बार ओठगण नहीं है। ज्योतिष दिपू पांडे ने बताया कि काशी पंचांग के अनुसार बुधवार 25 सितंबर को शाम 4:56 तक अष्टमी है। उदिया तिथि के अनुसार पारण 26 सितंबर गुरुवार को व्रती महिलाएं करेंगी। काशी पंचांग के अनुसार 27 सितंबर 2024 शुक्रवार शाम 4:10 से हथिया नक्षत्र शुरू होगा। हथिया नक्षत्र में वायु वेग के साथ सामान्य वृष्टि होने के योग हैं।ज्योतिषी दिपू पांडे ने बताया की सप्तमी मिला हुआ अष्टमी नहीं करना चाहिए। जिस दिन उदिया तिथि का अष्टमी हो,उसी दिन यह व्रत करना चाहिए नहीं तो व्रत का फल नहीं मिलता है।कृतसार, निर्णय सिंधु के अनुसार सप्तमी मिश्रित अष्टमी तिथि का व्रत नहीं करना चाहिए,जिस दिन शुद्ध उदिया तिथि की अष्टमी हो उसी दिन इस व्रत को करें।जीवित्पुत्रिका व्रत में महिलाएं फल,पकवान व मिठाई से डलिया भरेगी। मिथिला पंचांग के अनुसार नहाए-खाए सोमवार 23 सितंबर को है व सुबह में ओठगण होगा। वही 24 सितंबर मंगलवार के दिन संध्या 6:06 तक सप्तमी तिथि है। मिथिला पंचांग के मानने वाले को सप्तमी मिला हुआ ही अष्टमी करना पड़ेगा। 24 सितंबर मंगलवार को संध्या 6:07 से अष्टमी का प्रवेश होगा जो बुधवार 25 सितंबर शाम 5:05 तक अष्टमी रहेगा। उसके बाद महिलाएं पारण कर सकती है। काशी पंचांग और मिथिला पंचांग में तालमेल नहीं होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। इसलिए उदिया तिथि के अनुसार 25 सितंबर बुधवार को व्रत करें और पारण 26 सितंबर गुरुवार को प्रातः काल सूर्योदय होने के बाद करें।

## राजद नेताओं ने बाढ़ की समस्या को देखते हुए की बैठक



- बाढ़ पीड़ित परिवार को आपदा राशि शीघ्र उपलब्ध यदि प्रशासन नहीं करेंगे तो होगा आंदोलन

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। जिला राजद के आजाद चौक स्थित कार्यालय में राजद प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार यादव प्रदेश सचिव सह राजद राज्य परिषद सदस्य गजेंद्र कुमार हिमांशु ने मुंगेर में आई बाढ़ की विभिषिका से अभी ठीक तरह से उबरे भी नहीं हैं कि बाढ़ का पानी घटने के बाद गंदे पानी का जल जमाव से होने वाले महामारी को लेकर सशंकित है, साथ ही मुंगेर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यालय निर्माण हेतु जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर खड़गपुर प्रखंड अन्तर्गत जबायत पंचायत में मुंगेर विश्वविद्यालय भवन हेतु जमीन अधिग्रहण की प्रशासनिक प्रक्रिया शुरू किये जाने से उत्पन्न परिस्थिति को लेकर विरोध का स्वरूप फूटने लगा है ।

राजद नेताओं ने इसे गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि इस तरह का अविवेकपूर्ण निर्णय दुर्भाग्यपूर्ण होगा क्योंकि मुंगेर में विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग को लेकर लगातार राजद द्वारा जनआन्दोलन चलाये जाने के परिणाम स्वरूप पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जी के दबाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा मुंगेर में विश्वविद्यालय खोलने की घोषणा एवं स्वीकृति मिलने के पश्चात मुंगेर डीजे कालेज परिसर में कुलपति कार्यालय भवन का निर्माण और उद्घाटन कराया गया, लेकिन विश्वविद्यालय का कार्यालय भवन हेतु जमीन अधिग्रहण नहीं कराया जा सका जबकि विश्वविद्यालय कार्यालय भवन जिला मुख्यालय में अनिवार्य रूप से होना चाहिए जबकि मुख्यालय में सरकारी भूमि प्रर्याप्त है । राजद नेताओं ने शासन, प्रशासन से मांग किया कि बाढ़ के बाद होने वाले संभावित महामारी के मद्देनजर सफाई, कीटनाशक दवाई का छिड़काव, बीमारी के रोकथाम के लिए चिकित्सकों की टीम का कैम्प लगाकर जाँच कराने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को आपदा राशि शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग किया है । राजद नेताओं ने कहा कि बाढ़ राहत और मुंगेर विश्वविद्यालय कार्यालय भवन निर्माण हेतु मुख्यालय भूमि अधिग्रहण नहीं कराया जाता है तो राजद द्वारा उग्र आन्दोलन करने पर मजबूर होगा ।

## 440 वोल्ट का विधुत तार टुटकर गिरने से बाल बाल बचे सोनो बाजार के लोग



प्रात : किरण संवाददाता

सोनो जमुई : मंगलवार की सुबह सोनो बाजार में 440 वोल्ट की विधुत तार टुटकर गिरने से सोनो बाजार निवासी गौरेलाल राय, बिनय राय , गणेश बरनवाल , संजु मंडल एवं मजदूरी करने जा रहे गोपाल साह करेंट की चपेट में आने से बाल बाल बच गये । सोनो बाजार निवासी गोपाल पांडेय, पिंटु कुमार लाल, संतोष बरनवाल, सुनिल पांडेय , दुखी राय, चुनचुन बर्मा, किशुन पांडेय तथा गौरेलाल राय आदि लोगों ने बताया कि सोनो चोक से चरका पत्थर जाने वाली मार्ग के मुख्य बाजार सोनो मे लगी 440 पावर वोल्ट की विधुत तार मंगलवार की सुबह अचानक टुटकर गिर गई , जिसमे आधी दर्जन से अधिक लोग विधुत की चपेट में आने से बाल बाल बच गये । ग्रामीणों ने बताया कि इसकी जानकारी तुरंत विधुत विभाग को दी गई है लेकिन 12 घंटे व्यतीत हो जाने के बाद भी इस तार की मरम्मती के लिए कोई पदाधिकारी या विधुत कर्मि अब तक नहीं पहुंची है । बताया गया है कि इस विधुत तार के टुटकर गिरने से इस उमस भरी गर्मी में लोगों को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है । ग्रामीणों ने विधुत विभाग के वरिय पदाधिकारी से टुटकर गिर चुके विधुत तार को अविलंब मरम्मती कराने की मांग की हे ।

ज्ञात हो कि विधुत तार के टुटकर गिरने से जहाँ ग्रामीणों को भीषण गर्मी की मार झेलनी पड़ रही है वहीं विधुत विभाग को प्रतिदिन हजारों रुपये का नुकसान हो रहा है ।

## मुंगेर में विश्वविद्यालय मेडिकल कॉलेज सहित महाविद्यालय विकास संघर्ष मोर्चा का देन है : प्रोफेसर विनय कुमार

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर। स्थानीय शहीद स्मारक भवन किला क्षेत्र मुंगेर में मंजिलें विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर के साथियों की एक अति आवश्यक बैठक मोर्चा के संयोजक प्रोफेसर विनय कुमार सुमन की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रोफेसर विनय कुमार सुमन ने कहा कि मुंगेर में विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज एवं वानिकी महाविद्यालय की स्थापना के लिए प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा के लंबे समय तक संघर्ष किया उसी का आज परिणाम है कि आज मुंगेर में इंजीनियरिंग कॉलेज एवं बनिकी विद्यालय बनकर तैयार है और वहां सत्र भी चालू हो चुका है। मेडिकल कॉलेज का भवन निर्माण का कार्य भी चालू है। मोर्चा के संरक्षक नरेश सिंह यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा मुंगेर विश्वविद्यालय स्थल चयन के लिए तत्कालीन जिलाधिकारी नवीन कुमार सिंह एवं आयुक्त मुंगेर के साथ मोर्चा के नेताओं की संयुक्त बैठक कई बार हुई अंत में तपोभूमि ऋषि कुंड में विश्वविद्यालय भवन निर्माण के लिए सहमति बनी। इस बीच बिहार सरकार के शिक्षा सचिव भी भूमि का निरीक्षण करने जिला अधिकारी मुंगेर के साथ ऋषिकुंड पहुंचे और उन्होंने अपनी सहमति दी इसके पश्चात भूमि अधिक ग्रहण का कार्य शुरू हो गया 20 एकड़ सरकारी जमीन भी मिली तथा शेष जमीन के लिए वहां के स्थानीय किसानों से भी बढ़ता हुई मोर्चा के साथियों को यह विश्वास हो गया कि अब मुंगेर विश्वविद्यालय की स्थापना तपोभूमि ऋषि कुंड में ही होगी। लेकिन इसी बीच अखबार के माध्यम से यह सूचना मिली की मुंगेर के माननीय सांसद श्री ललन सिंह एवं जमालपुर के विधायक श्री अजय कुमार सिंह के मिली भगत से विश्वविद्यालय भवन निर्माण के लिए एक साजिश के तहत मुंगेर प्रमंडल से काफी दूर खड़गपुर प्रखंड के तेलियाडीह पंचायत के बिराजपुर मौजा मैं स्थल चयन किया गया है जिसका प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर पुरजोर विरोध करती है तथा राज सरकार से इस बैठक के माध्यम से करती है कि विश्वविद्यालय भवन का निर्माण पूर्व चिन्हित ऋषिकुंड के पास ही किया जाए अनाथ मजबूर होकर मोर्चा को सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। बैठक में मोर्चा के पुराने साथी वकील राम ने एक प्रस्ताव के माध्यम से मोर्चा के संयोजक प्रोफेसर विनय कुमार सुमन को यह अधिकार दिया कि आप आंदोलन का रूप रेखा तैयार करें हम सभी साथी तन मन धन से आपके सहयोग करेंगे। उपस्थित सभी साथियों ने ध्वनि मत से इसका समर्थन किया। बैठक को राजद के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री देवकीनंदन सिंह, अशोक रजक, सीपीएम के संजीवन कुमार सिंह, मंटू यादव, सीपीएम के लखन कुमार, मोहम्मद कौसर फैयाज, अशोक चौधरी, समीर कुमार, जोगी यादव, शैलेंद्र कुमार शर्मा, प्रकाश चंद्र , शैलेंद्र कुमार यादव, निरंजन कुमार यादव, डॉक्टर फातमी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मोर्चा के वरिष्ठ साथी विजय कुमार गुप्ता, सरवन यादव, मोहम्मद शकील अहमद, नवल यादव, जर्मन यादव, छोटू कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा सह लक्ष्मीपूजा संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। मंगलवार को थाना परिसर में पुलिस निरीक्षक प्रताप सिंह व सीओ सह दंडाधिकारी आरती भूषण की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा को ले शांति समिति की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में मौजूद ग्रामीणों व पूजा समिति के सदस्यो ने थानाध्यक्ष पंकज कुमार से मेले में होनेवाली परेशानी को लेकर समुचित विधि व्यवस्था का आग्रह किया। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को मां के दर्शन को लेकर किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े इसे लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की। पुलिस निरीक्षक प्रताप सिंह व थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने ग्रामीणों व शांति समिति के सदस्यों को आश्वस्त करते हुए कहा कि मेले की व्यवस्था को सुचारू रूप से कायम करने के लिए अधिकाधिक पुलिस बल तैनात किये जायेगें। उन्होंने कहा कि मेले में यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिये गिद्धौर बाजार में चिन्हित स्थलों पर भिड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रवेश निषेध रहेगा। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी न हो इसके लिये मेले में यात्री वाहनों का पड़ाव मेले परिसर से दूर चिन्हित स्थलों पर किया जायेगा। दंडाधिकारी आरती भूषण ने कहा कि शारदीय दुर्गा पूजा सह लक्ष्मी पुजा समिति गिद्धौर के सदस्यों से मेले परिसर में आने वाले श्रदालुओं की सुविधा व मनचलों पर कड़ी नजर रखने के लिये सीसीटीवी कैमरे एवं वीडियोग्राफी कराने का निर्देश दिया गया।व थानाध्यक्ष ने कहा कि मेला परिसर में किसी भी प्रकार की श्रद्धालुओं को असुविधा होने पर गिद्धौर पुलिस को अविलंब सूचित करें। मौके पर बैठक में बीडीओ सुनिल कुमार,प्रखंड प्रमुख पंकज कुमार,सीओ आरती भूषण, शारदीय दुर्गा पुजा व लक्ष्मी पूजा समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष राजीव साव पिंकू,सचिव शंभू केशरी,उप सचिव संजय कुमार,उपाध्यक्ष महेश रावत,अजीत कुमार रावत कारू,कोषाध्यक्ष सुबोध केशरी,राजीव वर्णवाल,संतोष सिंह,राजेश कुमार पाजो रतनपुर पंचायत के मुखिया भोला यादव,रामाशीष साह,बबलू यादव,पवन यादव,शेखावत मियाँ के अलावे श्रवण यादव ,बंदी सिंह,अभिषेक सिंह,सुमन पांडे व दुर्गा पूजा समिति के दर्जनों सदस्य बैठक में मौजूद थे।


बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

**गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना**

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–31 वर्ष 2024–25

(विशेष शर्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट state.bihar.gov.in/.prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों/ख्याति प्राप्त फार्मो/निबंधित दुकानदारों/कम्पनियों (जिसे Cupboard and Kitchen के कार्य करने का अनुभव हो उसे विशेष प्राथमिकता दी जायेगी) से निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना, एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 03.10.2024 के अपराहन 12:30 अपराहन बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 3:00 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कोटेशन का मूल्य (रूपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार हैः रू0 0 से 50,000.00 तक रू0 250/– रू0 50,001 से रू0 2,50,000.00 तक रू0 500/– रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक रू0 750/– रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक रू0 1250/– रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक रू0 2500/– एवं अग्रधन की राशि 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत तथा कम से कम रू0 30,000) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| क्र0 | सामग्री का नाम एवं विशिष्टयॉ | मात्रा | इकाई | उद्वत की जानेवाली दर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | S/F/F/ Cupboard & Modular Kitchen in BType quarter (Block-2 Flat No-119,120 & 121) at Gardanibagh, Patna for the year 2024-25 | | | |

PR. No.008770 (BCD) 2024-25

कार्यपालक अभियंता,
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भ0नि0वि0, पटना

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



बिहार सरकार

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**

**गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना।**

**अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–32 वर्ष 2024–25**

(विशेष शर्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट state.bihar.gov.in/.prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों/ख्याति प्राप्त फार्मो/निबंधित दुकानदारों/कम्पनियों (जिसे Cupboard and Kitchen के कार्य करने का अनुभव हो उसे विशेष प्राथमिकता दी जायेगी) से निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना, एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 04.10.2024 के अपराहन 12:30 अपराहन बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 3:00 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कोटेशन का मूल्य (रूपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार हैः रू0 0 से 50,000.00 तक रू0 250/– रू0 50,001 से रू0 2,50,000.00 तक रू0 500/– रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक रू0 750/– रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक रू0 1250/– रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक रू0 2500/– एवं अग्रधन की राशि 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत तथा कम से कम रू0 30,000) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| क्र0 | सामग्री का नाम एवं विशिष्टयॉ |
|---|---|
| 1 | S/F/F/ Cupboard & Modular Kitchen in B -Type quarter (Block -2 Flat No-116,117 & 118) at Gardanibagh, Patna for the year 2024-25 |

➢विशेष जानकारी हेतु सूचनापट्ट अथवा वेबसाईट state.bihar.gov.in/.prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।

PR- 008783 ( B C D ) 2024-25

कार्यपालक अभियंता,
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल,
भ0नि0वि0, पटना

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# श्राद्ध पक्ष में नफरत के तर्पण की जरूरत



दिशाहीन, कसैली, विषैली सियासत पर लिखते-लिखते अब ऊब होने लगी है। इसलिए आज श्राद्ध पक्ष पर लिख रहा हूँ। भारत में श्राद्ध पक्ष का बहुत महत्व है। मान्यताएं हैं, अस्थायें हैं। हमारे पूर्वजों ने पूर्वजों की आत्मशांति और उनके प्रति श्रृद्धा व्यक्त करने के लिए पूरे पन्द्रह दिन मुकर्रर किये हैं। पंचभूत में विलीन हमारे पूर्वजों की देह हम नदियों में प्रवाहित कर देते हैं किन्तु उनकी आत्माओं के बारे में हमारे पास कोई प्रबंध नहीं है। हमें लगता है कि पूर्वजों की आत्माएं भटकतीं है। उन्हें भूख-प्यास भी लगती है इसलिए ब्राम्हणों के जरिये, कौवों के जरिये, पशु- पक्षियों के जरिये हम उन्हें भोजन, वस्त्र और न जाने क्या-क्या पहुँचाने की कोशिश करते हैं। और जब थक जाते हैं, पक जाते हैं, तो पिंडदान कर देते हैं।



**राकेश अचल**
(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार है)

स्थापित मान्यताओं के बारे में मुझे कुछ नहीं कहना, क्योंकि ये आज का विषय नहीं है। मेरा तो आग्रह ये है कि हम इस श्राद्ध पक्ष में यदि कुछ तर्पण करना ही चाहते हैं, पिंडदान करना ही चाहते हैं तो हमें नफरत का, ईर्ष्या का, घृणा का पिंडदान करना चाहिए ताकि समाज, देश, आसपड़ोस सुख से रह सके। सुख अब दिनों-दिन अलभ्य होता जा रहा है। लोग सुख देने के बजाय उसे छीनने की स्पर्द्धा में जुटे हुए हैं। भारत में ही नहीं अपितु पूरी दुनिया में ये छीना-झपटी चल रही है। छीना-झपटी का चरम युद्ध में तब्दील होजाता है। दुनिया में कहाँ-कहाँ ये नफरत युद्ध में तब्दील हो चुकी है, ये आप सभी जानते हैं।


बात नफरत की चली तो मुझे भारतीय राजनीति की कुछ महिलाओं की याद आ गयी। दिल्ली की नयी-नवेली मुख्यमंत्री आतिशी भाजपा की नफरत से परेशान हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कुर्सी खाली रखकर कामकाज करने का फैसला किया तो भाजपा को उदरशूल होने लगा। भाजपा के तमाम भद्र नेता मुख्यमंत्री आतिशी पर राशन-पानी लेकर चढ़ बैठे। उनका कहना है कि ये चमचत्व की पराकाष्ठा है जबकि आतिशी कहतीं हैं कि वे दिल्ली में भरत राज का अनुकरण कर रहीं हैं। कलियुग में भरत राज का अनुकरण अविश्वनीय है, क्योंकि यहां तो भरत के रूप में चम्पाई सोरेन का उदाहरण हैं जो सत्ता कि लालच में अपने ही दल को लात मार चुके हैं। आतिशी चम्पाई सोरेन नहीं हैं, आतिशी है। उनका सम्मान किया जाना चाहिए। नफरत की आग भाजपा की कलाकार संसद सुश्री कंगना रावत कि दिल में भी धधक रही है। वे भी सन्निपात की शिकार दिखाई देतीं है। वे कब , क्या बोलेंगीं ये उनका दल भाजपा भी नहीं जानता और इसीलिए कुछ दिन पहले ही कंगना कि एक बयान से भाजपा ने अपने आप को लग कर लिया था। अब वही कंगना रनौत फिर सुर्खियों में है। उन्होंने कहा है कि -हिमाचल प्रदेश सरकार कर्ज लेती है और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की गोद में डाल देती है। इस तरह वह कांग्रेस की झोली भर रही है। सोनिया गांधी ने राज्य के खजाने को खोखला कर दिया है और हिमाचल की ये दुर्दशा हुई है। हिमाचल के बच्चों के भविष्य पर कुल्हाड़ी मारी जा रही है। यह देखकर उन्हें बहुत दुख होता है। उनका दुःख कब सुख में बदलेगा हम और आप नहीं जानते।

हरियाणा कांग्रेस की वरिष्ठ नेता कुमारी शैलजा भी इस समय अपनी पार्टी और भाजपा की नफरत का शिकार है। नाराज हैं। चुनाव प्रचार में नजर नहीं आ रही। भाजपा ने उन्हें कांग्रेस छोड़ भाजपा में आने का न्यौता दिया है लेकिन सैलजा ने बिभीषण बनने से इंकार कर दिया है। उनका कहना है कि उनकी देह कांग्रेस कि झंडे में ही लिपटकर विदा होगी। ऐसा समर्पण अब कहाँ देखने को मिलता है।


नफरत की राजनीति कि शिकार देश कि अल्पसंख्यक भी हैं और वे लोग भी जो तिरुपति तिरुमला देवस्थान में लड्डुओं के लिए देशी घी के नाम पर कुछ और सप्लाई करते आये हैं।

# बिहार में सरकार के इकबाल पर सवाल

**अब इतिहास फिर से उसी मोड़ पर आ पहुंचा है, जहां केंद्र में भाजपा की सरकार है और चौधरी चरण सिंह के पोते जयंत भाजपा के साथ है, वहीं रामविलास पासवान के बेटे चिराग भी एनडीए के साथी हैं। चिराग पासवान ने इस घटना की निंदा तो की है, लेकिन फि लहाल जिस तरह भाजपा और एनडीए के बाकी दलों के दलित, वंचित विरोधी चेहरे सामने आए हैं, उसमें निंदा करना पर्याप्त नहीं होगा। एनडीए के एक और साथी जीतनराम मांझी इस घटना के पीछे यादव समाज का हाथ बता रहे हैं और लालू प्रसाद को चुनौती दे रहे हैं। लेकिन सच तो ये है कि नवादा आगजनी कांड से न केवल नीतीश कुमार बल्कि पूरी एनडीए कटघरे में है। तेजस्वी यादव ने इस घटना के बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर महा जंगलराज!**



**-कुमार कृष्णन-**
**(स्वतंत्र पत्रकार)**



बिहार के सुशासन बाबू यानी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विभिन्न मंचों से यह कहते नहीं थकते कि बिहार में कानून का राज है। कानून व्यवस्था की धज्जियां किस कदर उड़ चुकी हैं, इसका नवादा की घटना है। नवादा ज़िले के ददौर गांव की कृष्णानगर नाम की एक दलित बस्ती में दबंगों ने कई राउंड फायरिंग करने के बाद आग लगा दी, जिसमें करीब 80 घर जलकर खाक हो गए। कई जानवरों के मरने की सूचना है, लेकिन किसी इंसान को हानि नहीं पहुंची है, क्योंकि इस हमले की आशंका से लोग पहले ही अपने घरों को छोड़कर चले गए थे। इस मामले के बाद अब तक 15 लोगों को गिरफ़्तार कर लिया गया है, जिसमें घटना का मास्टरमाइंड बताया जा रहा नंदू पासवान भी शामिल है। जातीय हिंसा के लिए बदनाम बिहार में इस मामले ने कुछ ही समय में राजनीतिक तूल पकड़ लिया है।

जहां मुख्य विपक्षी राजद ने नीतीश सरकार पर हमला बोलते हुए इसे महा-जंगल राज करार दिया है, वहीं केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने इसे यादवों द्वारा महादलितों पर हमला बताया है। इस मामले में सबसे ज्यादा प्रभावित मांझी समुदाय से आते हैं। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया, कुछ दबंग यादवों ने कुछ दलितों को बहकाया-फुसलाया ताकि यह लगे कि यह दलितों पर दलितों द्वारा किया गया हमला है।

नंदू बिहार पुलिस का रिटायर्ड जवान है। नंदू का बेटा भी पुलिस गिरफ्त में है। उसका बेटा नागेश्वर पासवान भदोखरा वार्ड नंबर 16 (कृष्णा नगर) का वार्ड सदस्य है। वहीं, नंदू की बहू सरिता भारती आंगनबाड़ी सेविका का काम करती है। जमीन विवाद को लेकर दबंगों ने इस कांड को अंजाम दिया। जिस जगह पर आगजनी की गई, वहां की जमीन का मुकदमा न्यायालय में केस चल रहा है। जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के अनुसार कृष्णा नगर के संजय मांझी के बेटे व्यास मुनी ने पर बताया कि उक्त जमीन पर वर्तमान में नवादा कोर्ट में टाइटल सूट संख्या 22/1995 चल रहा है। इस दलित बस्ती में रहने वालों का दावा है कि यहाँ ये लोग साल 1964 से रह रहे हैं। ये लोग बताते हैं कि ये जमीन सईदा खातून निशा उर्फ. रज़िया बेगम की है, जो किसी नवाब साहब की बेटी है। बस्ती के वीरेंद्र प्रसाद बताते है कि ये 15 एकड़ 59 डेसीमिल जमीन का विवाद है। रजिया बेगम ने ये जमीन किसी को नहीं दी थी तो ये जमीन अनाबाद बिहार सरकार है। 1964 में दलित लोगों ने इस जमीन पर कब्जा कर लिया। फिर हम लोगों ने ये जमीन अपनी मेहनत से जोती और वही खा रहे है। अनाबाद बिहार सरकार की जमीन का मतलब खासमहल, भूदान से मिली जमीन है। इस जमीन के मालिकाना हक को लेकर 90 के दशक में विवाद शुरू हुआ. जिसको लेकर टाइटल सूट का केस मुंसिफ कोर्ट नवादा में (केस नंबर 22/95) दायर है। इस केस में याचिकाकर्ता वीरेन्द्र प्रसाद है। उनके मुताबिक ह्लउन्होंने रमजान मियां पर केस किया है। रमजान मियां अपनी जमीन के साथ-साथ बस्ती की भी जमीन बेचने लगा। तब मैंने ये केस किया। केस के बावजूद जमीन की खरीद बिक्री हुई। दबंगों ने ये जमीन लिखा ली। केस जब चल रहा था, तो जमीन की खरीद बिक्री नहीं होनी चाहिए थी। लेकिन खरीद बिक्री भी हुई और दाखिलखारिज भी हो गया। रमजान मकी मृत्यु कई साल पहले हो चुकी है। नवादा प्रशासन के रिकार्ड में इस जमीन की जमाबंदी (एक तरह से जमीन का रिकार्ड) रमजान मियां पिता चुल्हन मियां की है। नंदू पासवान के पिता का नाम सौखी पासवान है। इस परिवार का दावा है कि सौखी पासवान और उनके तीन भाइयों सहदेव, जगदीश और सुमेश्वर ने ये जमीन खरीदी थी। इस मामले में दर्ज प्राथमिकी में नवादा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लोहानी बिगहा गाँव और नालंदा ज़िले के रहुई थाना क्षेत्र के भी अभियुक्त हैं।

लोहानी बिगहा और रहुई से नामजद अभियुक्त यादव समाज और बेलदार जाति से आते हैं। बेलदार बिहार में अति पिछड़ा कैटेगरी में आते हैं। यह महत्वपूर्ण सवाल है कि आखिरकार जमीन के विवाद ने इतना हिंसक रूप कैसे अख्तियार कर लिया?दलित बस्ती में रहने वालों का दावा है कि पहले भी यहाँ गोली चलती रही है। पीड़ितों का कहना है कि हम लोगों की तीन पीढ़ी यहाँ पर रही है. ये लोग यहाँ आकर पहले भी गोली चलाएं और गाली दिए है लेकिन पुलिस कुछ नहीं की। बीते साल भी यहाँ गोली छूटा तो प्रशासन ने रुपया खाकर कोई कार्रवाई नहीं की। अक्सर होता है कि शासन प्रशासन पीड़ितों के न्याय के लिए खडे. होने की जगह दबंगो के साथ खडे होती है। यह वारदात साफ इशारा करती है कि बिहार में सरकार का इकबाल पूरी तरह खत्म हो चुका है। सरकार की पुलिस प्रशासन पर पकड़ कमजोर है और कानून-व्यवस्था गर्त में जा चुकी है। ज्यादा पुरानी बात नहीं है, इसी साल मई माह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा शासन और खासकर नरेन्द्र मोदी के शासन को लेकर लंबे-चौड़े दावे किए थे। श्री नड्डा ने कहा था नरेंद्र मोदी के 10 साल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के रहे। एक तरफ सेवा है, सुशासन है, गरीब कल्याण है, तो दूसरी तरफ राजद-कांग्रेस के शासन की लूट, कुशासन और उनके परिवार का कल्याण था। दोनों में तय आपको करना है। श्री नड्डा लोकसभा के लिए जनता का वोट मांग रहे थे, लेकिन जिस तरह उन्होंने राजद और कांग्रेस के शासन को कोसा, उससे जाहिर है कि वे नीतीश कुमार के इंडिया गठबंधन को छोड़कर एनडीए में साथ आने को सही ठहरा रहे थे। नीतीश कुमार ने भी मन न लगने को कारण बताते हुए ही राजद और कांग्रेस से किनारा करके फिर से भाजपा से दोस्ती की और राज्य की सत्ता में भाजपा को दोबारा आने का मौका दिया था। अब उसका नतीजा सामने है कि जिस सुशासन के दावे नीतीश कुमार को लेकर किए जाते रहे, उसकी हकीकत क्या है। एक बार फिर जातीय हिंसा की भयावह याद ताजा कराती नवादा की घटना घटी है।

इसी बिहार में 27 मई 1977 को मात्र एक कट्ठा जमीन के विवाद पर 11 लोगों की नृशंस हत्या कर दी गई थी, जिनमें आठ दलित और तीन सोनार जाति के लोग थे। मरने वालों में एक 12 बरस का विक्षिप्त बच्चा भी था। तब मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री थे और इंदिरा गांधी आपातकाल के बाद चुनाव हार गई थीं, लेकिन फिर भी वे बेलछी तक गईं और भारी बारिश के कारण चलना मुश्किल हुआ तो हाथी पर बैठ कर गईं। इसके बाद कांग्रेस में किस तरह नयी जान पड़ गई, ये अलग इतिहास है। बहरहाल, बेलछी हत्याकांड से केंद्र की जनता दल सरकार बुरी तरह घिर गई थी, तत्कालीन गृहमंत्री चौधरी चरण सिंह ने इस हत्याकांड में जाति के एंगल को नकारा, तो यह दांव उन्हीं पर उल्टा पड़ गया। हालात संभालने के लिए सरकार ने आठ सदस्यीय सांसदों की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया, जिसमें एक सदस्य रामविलास पासवान भी थे।

# मेहनतकश किसानों के प्रति नीति और नजरिया बदलना आवश्यक

**कई बार मध्य प्रदेश के किसानों ने अपने अधिकारों और मांगों के लिए आंदोलन किया। 2017 में मंदसौर का किसान आंदोलन इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जहां किसान अपने उत्पादों के उचित मूल्य की मांग कर रहे थे। भाजपा सरकार ने आंदोलन को पुलिस के जरिए कुचलने की कोशिश की। संघर्ष में कई किसानों की जान चली गई। मध्य प्रदेश के इतिहास की यह सबसे बड़ी घटना भाजपा सरकार की किसान विरोधी मानसिकता दर्शाती है। किसानों की मांग के बावजूद प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा योजना और अन्य योजनाओं का लाभ अधिकांश किसानों तक नहीं पहुंच सका। भ्रष्टाचार, बिचौलियों और अफसरशाही ने इन योजनाओं को कमजोर कर दिया। कई बार किसानों को प्रीमियम भरने के बावजूद बीमा कंपनियों से सही समय पर मुआवजा नहीं मिला, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और खराब हो गई।**



**-जीतू पटवारी-**
**(लेखक मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष हैं।)**



मध्य प्रदेश में बीती 10 सितंबर से किसान आंदोलनरत हैं। किसानों का गुस्सा सरकार के प्रति है। कांग्रेस की किसान न्याय यात्रा का नेतृत्व करते हुए मैं प्रदेश के कई जिलों में हजारों किसानों से प्रत्यक्ष मिल चुका हूं। आक्रोश के ये स्वर सरकार की नीतियों के विरोध में हैं। सोयाबीन के सबसे बड़े उत्पादक राज्यों में शामिल मध्य प्रदेश में इस साल किसानों को औसत कीमत वही मिल रही है, जो दस साल पहले थी। केंद्र और राज्य सरकार ने आंशिक मूल्य वृद्धि का खेल जरूर खेला, लेकिन उससे भी किसानों को कोई फायदा नहीं हुआ। आज भी किसानों का सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब खेती की लागत 4, 000 रुपए प्रति क्विंटल के करीब है, तब फसल का मूल्य 3, 800 रुपए क्यों दिया जा रहा है? मध्य प्रदेश में सोयाबीन की नई फसल फिर सबूत के रूप में सामने है कि किसानों की आय दोगुनी करने का बीजेपी का वादा झूठा है। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों की आय दोगुना करने का सरकारी वचन बार-बार, लगातार दोहराया है। बीजेपी ने गेहूं एवं धान के लिए क्रमशः 2, 700 रुपए और 3, 100 रुपए एमएसपी देने का वादा किया था, लेकिन यह सिर्फ किसानों से झूठ बोलकर, उनके वोट लेने की नौटंकी थी। 2014 से 2024 के बीच मोदीजी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सरकार ने किसानों की स्थिति सुधारने के जितने दावे किए, किसानों की बदहाली उतनी ही बढ़ती गई। देश का मेहनतकश किसान यह जानता है कि प्रधानमंत्री ने 2014 में सत्ता में आते ही दोगुनी किसान आय का लक्ष्य रखा। 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने की योजना को राष्ट्रीय एजेंडा बताया। लेकिन, किसी भी कोशिश और योजना का सीधा लाभ किसानों को नहीं मिला। कृषि उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर भी सवाल उठते रहे, इसलिए कई बार किसानों को अपनी उपज औने-पौने दामों पर बेचना पड़ी।

## किसानों के आंदोलन ने बताया खेती का सच

2017 और 2020 के दौरान हुए बड़े किसान आंदोलन हुए थे। 2017 में महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में किसान आंदोलन हुए, जहां किसानों ने कर्ज माफी और उचित दाम की मांग की। 2020 में तीन कृषि कानूनों को लेकर हुए किसानों के आंदोलन ने देश को हिला कर रख दिया। इन कानूनों के तहत कृषि बाजार में निजी कंपनियों की भागीदारी बढ़ाने की बात थी। लेकिन, किसानों ने आशंका जताई कि इससे एमएसपी प्रणाली खत्म हो जाएगी और उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिलेगा। इस आंदोलन के दौरान हजारों किसान दिल्ली की सीमाओं पर डटे रहे, जिसके चलते सरकार को अंततः कानूनों को वापस लेना पड़ा। 2019 में केंद्र सरकार ने किसानों की आय में सुधार के लिए पीएम-किसान योजना की शुरूआत की। किसानों ने तर्क के साथ कहा कि यह राशि पर्याप्त नहीं है। इतने कम धन में किसानों की वास्तविक समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता।

## कर्ज का संकट, न्यूनतम समर्थन मूल्य का झूठ

2014 से 2024 के बीच किसानों के सामने सबसे बड़ी समस्या कर्ज की थी। भाजपा शासित राज्यों में कर्ज माफी का सही तरीके से क्रियान्वयन नहीं हो सका। इससे किसान आत्महत्याओं की घटनाएं बढ़ीं। कर्ज का पुराना बोझ भी किसानों को परेशान करता रहा। 2018 में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, 2014 से 2018 के बीच हर साल औसतन 10, 000 से अधिक किसान आत्महत्याएं हुईं। किसान संगठनों ने सरकार पर आरोप लगाया कि उनकी नीतियां छोटे और सीमांत किसानों के बजाय बड़े व्यापारियों और कंपनियों को लाभ पहुंचाती हैं। एमएसपी में बढ़ोतरी का दावा तो सरकार द्वारा किया गया, लेकिन किसानों की शिकायत रही कि फसलें एमएसपी पर बिकने के बजाय व्यापारियों द्वारा कम कीमतों पर खरीदी जाती रहीं। विशेष रूप से गेहूं, चावल, दाल और गन्ने जैसी प्रमुख फसलों की उचित कीमत न मिलने की शिकायत किसान लगातार करते रहे, लेकिन सरकारों ने सुनवाई नहीं की।

## फसल बीमा योजना की चुनौतियां

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा देना था। परंतु, इसके क्रियान्वयन में गंभीर समस्याएं सामने आईं। बीमा कंपनियों ने किसानों को मुआवजा देने में देरी की। किसानों को नुकसान के बावजूद सही मुआवजा नहीं मिल पाया। इससे योजना के प्रति किसानों का विश्वास घट गया। मोदी सरकार ने 2014 से 2024 के बीच ग्रामीण सड़कों, बिजली और सिंचाई व्यवस्था में सुधार के कई दावे किए। मीडिया को झूठे प्रमाण देकर बताया गया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और सौभाग्य योजना से गांवों में बिजली और सड़कों का विस्तार हुआ। परंतु, इनका प्रभाव कृषि उत्पादकता और किसानों से जुड़े लाभ पर अब तक दिखाई नहीं दे रहा है।

## कृषि कानूनों से कैसे हो सकता था कृषि सुधार?

क्या 2020 में पारित तीन कृषि कानून किसानों की उपज के बेहतर मूल्य और कृषि बाजार को सुधारने के उद्देश्य से लाए गए थे? यह 100% झूठ है! इसीलिए, लाखों किसानों ने विरोध किया और इसे किसानों के हितों के खिलाफ बताया। किसानों का कहना है कि ऐसे कानून निजी कंपनियों को कृषि में अधिक प्रभावी बना देंगे और छोटे किसानों को नुकसान ही होगा। लगभग एक साल तक चले आंदोलन के बाद सरकार ने कानून तो वापस लिए, लेकिन किसानों को लेकर गहरे किस्म की दुर्भावना और घृणा मन में रख ली। तभी तो यह मामला किसानों और सरकार के बीच संबंधों में बड़ी दरार की तरह देखा गया। इस आंदोलन ने सरकार की किसान नीतियों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए। मोदी सरकार ने आत्मनिर्भर भारत के तहत कृषि क्षेत्र में निर्यात को बढ़ावा का झूठा दावा किया। कागजों में भारत ने कृषि उत्पादों का निर्यात तो बढ़ाया, लेकिन इसका सीधा लाभ छोटे किसानों को नहीं मिला। बड़े व्यापारी और कृषि-व्यवसायिक कंपनियां ही ज्यादातर लाभान्वित हुईं। सरकार ने कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक और डिजिटल माध्यमों के उपयोग पर जोर दिया। ई-नाम (नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट) जैसी योजनाएं लाई गईं, जिनका उद्देश्य कृषि उत्पादों के ऑनलाइन व्यापार को बढ़ावा देना था। परंतु, ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी और तकनीकी जागरूकता की कमी के कारण इसका लाभ भी किसानों तक नहीं पहुंच सका। यही सबसे बड़ी परेशानी है कि केंद्र सरकार ने किसान कल्याण के नाम पर झूठा प्रचार तो बहुत किया, लेकिन सच्चाई से मुंह फेर लिया।

बात अब केंद्र के साथ राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार को लेकर भी की जानी चाहिए। भाजपा ने जब से मध्य प्रदेश की सत्ता संभाली, तब से लेकर अब तक किसानों के लिए जो नीतियां लागू की गईं, वे ज्यादातर किसान हितैषी कम और किसान विरोधी अधिक साबित हुईं।

# भ्रष्टाचार मिटें कैसे...? वैसी सरकारी पहल भी तो हों...?

**-ओमप्रकाश मेहता-**

एक जमाना था, जब राजनीति को सही अर्थों में जनसेवा का सशक्त माध्यम माना जाता था, किंत अब यही माध्यम भ्रष्टाचार का सशक्त माध्यम बन गया है और आज के सत्ताधीश इस सामाजिक कोढ को मिटानें के नही, बल्कि इसके विस्तार के माध्यम बने हुए है, सवाल अब सिर्फ भ्रष्टाचार को सिर्फ आगे बढ़ानें का नही बल्कि उसे कानूनी रूप से रोकने या खत्म करने की शपथ वाली एजेंसियां भी इस कोढ के विस्तार का माध्यम बना दी गई है, आज की राजननीति नें सीबीआई, सीआईडी जैसी सरकारी जोंच ऐजेंसियों को अपने तुच्छ इरादों और मकसदों का माध्यम बना रखा है और इन तथाकथित स्वतंत्र जांच एजेंसियों पर कब्जा कर इन्हें इनके कार्य व दायित्व को ईमानदारी से निभानें में अवरोध पैदा करना शुरू कर दिया है, इन्हें स्वतंत्र रूप से अपने दायित्व निर्वहन की अनुमति ही नही दी जा रही है, इसका ताजा उदाहरण हाल ही में केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीबीआई) द्वारा जारी रिपोर्ट है, जिसमें खुलासा किया गया है कि केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) गंभीर भग्रष्टाचार सें सम्बन्धित 212 मामलों की जांच करके दोषियों को दण्डित करना चाहती है, लेकिन चूंकि इस जांच के लिए केंद्र व सम्बन्धित राज्य सरकारों की मंजूरी कानूनी तौर पर जरूरी है और केंद्र व सम्बन्धित राज्य सरकारों में विराजित आरोपित अधिकारी व नेता जांच करवाना नही चाहतें, इसलिए सीबीआई इनकी जॉच नही कर पा रही है, सीबीआई के पास ऐसी जॉच की अनुमति के प्रकरण पिछले वर्षो से लम्बित है और सम्बन्धित भ्रष्ट अधिकारी व नेता यह जॉच होनें नही देना चाहते ? अब यहां सवाल यह है कि जिनकी जॉच होना है, वे ही भला जॉच की अनुमति कैसे देगें ? यह अनुमति का प्रावधान रखा ही क्यों गया ? जब सीबीआई, सीआईडी कों स्वतंत्र जॉच एजेंसी का दर्जा दिया ग्रया है तो फिर उनकी ह्यस्वतंत्रताह्न क्यों छीन ली गई ? आज इसी बात को लेकर केंद्रीय सतर्कता जॉच आयोग (सीबीआई) कॉफी परेशान है, फिर सवाल यह भी है कि सीबीसी (सतर्कता आयोग) जब कानूनी रूप से स्वतंत्र है तो सलाहो को केन्द्र व राज्य सरकारें मानती क्यों नही है ? सीबीआई ने दिसम्बर 2023 तक की जारी अपनी रिपोर्ट में उन मामलों का भी जिक्र किया है, जिनमें जांच में दोषी पाए गए अफसरों के खिलाफ आयोग की सिफारिशों को भी दर-किनार कर दिया गया इनमें विभिन्न मंत्रालयों और केंन्द्र सरकार के अधीन संस्थाऐं (पीएसयू बैंक आदि) शामिल है, सीबीसी केंन्द्रीय मंत्रालायों और पीएसयू बैंकों में मुख्य सतर्कता अधिकारियों (सीबीओ) के जरिए भ्रष्टाचार पर अनियमितताओं पर नजर रखता है। इस रिपोर्ट में मुख्य राज्य सरकारों व केंद्र शासित राज्यों में लम्बित मामलों की जानकारी भी दी गई है, जिनमें महाराष्ट्र में तीन, उत्तरप्रदेश में दस, पश्चिम बंगाल में चार, जम्मू-कश्मीर में चार, पंजाब में चार, मध्यप्रदेश में एक व अन्य पन्द्रह मामलें है, इन 41मामलों में 149 अधिकारी शामिल बताए गए है। इनके अलावा 81 अन्य मामलें तीन माह से ज्यादा पुराने है। लम्बित मामलों में 249 अधिकारियों के खिलाफ 81 मामले लम्बित है, इनकी लम्बे समय से जॉच रिपोर्ट आ जाने के बाद भी अभियोजन की मंजूरी के अभाव मे ये मामले लम्बित है और सरकार के विभिन्न पदों पर अभी भी विराजित ये अधिकारी अपनी भ्रष्टाचार की भूख को शांत नही कर पा रहे है और उसमे दिन दूनी रात चौगनी अभिवृद्धि हो रही है।

# स्वच्छ भारत मिशन ने बदली भारत की छवि

**-मधुकर पवार-**

इन दिनों समूचे भारत में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विशेष रूप से केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों, कार्यालयों, सार्वजनिक व पर्यटक स्थलों, रेलवे स्टेशनों तथा आसपास के परिसरों आदि की साफ-सफाई के लिये विशेष सफाई अभियान चलाकर आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है ताकि स्वच्छता अभियान सतत चलता रहे। विगत 19 सितम्बर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उज्जैन प्रवास पर थीं। इस दौरान उन्होंने महाकाल परिसर में झाड़ू लगाकर श्रमदान कर यह संदेश दिया कि चाहे कोई व्यक्ति कितने ही बड़े पद पर क्यों न हो, स्वच्छता उनकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि पिछले 10 वर्षों में स्वच्छता अभियान देशव्यापी जन आंदोलन बन गया है। मध्य प्रदेश में स्वच्छ भारत मिशन की उपलब्धियों की चर्चा करते हुये राष्ट्रपति ने कहा कि इंदौर ने लगातार सात बार देश का स्वछतम शहर बनने का कीर्तिमान स्थापित किया है। भोपाल को सबसे स्वच्छ राजधानी होने का गौरव प्राप्त है। राज्य के अनेक शहर वाटर प्लस और ओडीएफ डबल प्लस की श्रेणी में पुरस्कृत हुए हैं। उन्होंने स्वच्छता के क्षेत्र में मध्य प्रदेश की उपलब्धियों का श्रेय अग्रिम पंक्ति के सफाई मित्रों को दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन का दूसरा चरण सन 2025 तक चलेगा। इस दौरान हमें संपूर्ण स्वच्छता के लक्ष्य को पूरा करना है।

हाल ही में उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने भी राजस्थान के झुंझुनू जिला में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि देश के अधिकांश परिवारों में शौचालयों का नहीं होना एक अभिशाप था। इससे सबसे ज्यादा बेटियों और महिलाओं को शर्मिंदगी उठानी पड़ती थी लेकिन अब स्वच्छ भारत मिशन से उनका सम्मान और गौरव बढ़ा है। यूनिसेफ के सर्वे में यह बात उभरकर सामने आई है कि अब करीब 93 प्रतिशत महिलाएं मानती हैं कि उन्हें सम्मान मिला है और वे सुरक्षित महसूस करती हैं। हाल ही में एक शोध में पाया गया कि स्वच्छ भारत मिशन के शुरू होने के बाद नवजात शिशुओं की मृत्यु दर में भी उल्लेखनीय कमी आई है। शोध के निष्कर्ष में बताया गया है कि भारत में सन 2014 के बाद से हर साल 60, 000 से 70, 000 नवजात शिशुओं की जान बच रही है।

भारत में स्वच्छ भारत मिशन को शुरू हुए लगभग 10 साल हो गए हैं। इस दौरान चरणबद्ध तरीके से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए गए स्वच्छता अभियान के सार्थक परिणाम दिखाई दे रहे हैं। इस अभियान से बच्चे, युवा, जवान और बुजुर्ग सभी जुड़े और यह देखते ही देखते जन आंदोलन के रूप में परिवर्तित हो गया। गांव-गांव और शहर- शहर में स्वच्छता को लेकर होड़ सी लग गई और इसके परिणाम स्वरूप गांव, जिला और प्रदेश सहित समूचे भारत में स्वच्छता की बयार बहने लगी। पूरे भारत में आम जनता की सक्रिय भागीदारी से खुले में शौच से मुक्त यानी ओडीएफ घोषित कर दिया गया। करीब 10 साल पहले स्वच्छता को लेकर हमारी मानसिकता पर जो गर्द जमी हुई थी, वह अब पूरी तरह साफ हो गई है। हमारी नजरें अब स्वच्छता के बीच केवल गंदगी पर ही जाकर टिकती है। जब चारों ओर स्वच्छता का वातावरण बन रहा है तब कहीं जरा सी भी गंदगी रहती है, वहीं हमारी नजरें ठहर जाती हैं। यह स्वच्छता को लेकर बहुत बड़ा परिवर्तन हुआ है।

स्वच्छता को लेकर प्रशासन के साथ आम नागरिकों में भी जुनून सवार है तभी तो मध्य प्रदेश का इंदौर शहर भारत में सबसे स्वच्छ शहर का तमगा लेकर 7 सालों से शीर्ष पर बना हुआ है। इसमें आम नागरिकों और स्वयं सेवी संगठनों का भी सहयोग अतुलनीय है। इंदौर को केवल भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में भी स्वछतम शहर के रूप में मान्यता मिली हुई है। इसका परिणाम यह हुआ है कि अन्य शहर भी इंदौर से स्वच्छता के विभिन्न मापदंडों पर बराबर आने या इससे आगे निकलने की होड़ में शामिल होने के लिए जी तोड़ मेहनत करने लगे हैं। चूंकि स्वच्छता एक सतत प्रक्रिया है और निरंतर स्वच्छता को लेकर सजग रहकर इसके विभिन्न मापदंडों के स्तर को बनाए रखना सबसे महत्वपूर्ण होता है। अब स्वच्छता धीरे झ धीरे आम नागरिकों की आदत में शामिल होने लगा है। इसी का परिणाम है कि आज स्वच्छता के मापदण्डों पर भारत की छवि एक स्वच्छ राष्ट्र के रूप में बन रही है। भारत में सन 2014 से पहले निर्मल भारत अभियान चलाया जा रहा था जिसमें केवल शौचालय बनाना ही एकमात्र लक्ष्य था लेकिन राशि इतनी कम ( मात्र 4600 रुपए) थी कि इससे किसी तरह शौचालय ही बना पाते थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, बुधवार, 25 सितम्बर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### बिहार में बढ़ते अपराध पर माले विधायक ने सरकार पर किया हमला

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। बिहार में बढ़ते अपराध की घटना को लेकर सिकटा के माले विधायक वीरेंद्र गुप्ता ने सरकार पर जमकर निशाना साधा है। बगहा पहुँचे महागठबंधन के विधायक ने कहा है की बिहार में बीजेपी और जेडीयू की डबल इंजन की सरकार के संरक्षण में अराजकता का माहौल है तभी तो लगातार अपराध की घटनाएं हो रहीं हैं। वहीं नालंदा,मसोढ़ी और धनरुआ के अलावा बगहा में भी मॉब लिंचिंग जैसी घटना को अपराधी अंजाम दें रहें हैं और पुलिस तमाशबीन बनी हुई है ।दरअसल बगहा नगर थाना क्षेत्र के मस्तान टोला निवासी दम्पति इमरान और हसीना अजमेर से मजदूरी कर बीते 16 सितम्बर को अपने घर लौट रहें थे इसी दौरान पति पत्नी के साथ असामाजिक तत्वों ने मारपीट कर छीनतई की जिसको लेकर पुलिस की ओर से मामले में गंभीरता नहीं दिखाई गईं,आरोप है की मॉब लिंचिंग की इस घटना में पुलिस ने पीड़ितों से बयान बदलवा दिया है और केस में जिस धारा के तहत कार्रवाई होनी चाहिए वह नहीं हुई है। लिहाजा माले विधायक ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े किये हैं और बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज से मिलकर पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाने की बात कही है।

### नरकटियागंज रेल खण्ड पर दर्दनाक हादसा ट्रेन से टकराकर आरपीएफ जवान की मौत

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल अंतर्गत नरकटियागंज रेलखंड पर सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जब पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान तैनात आरपीएफ आरक्षी बादशाह सिंह (49) की ट्रेन से टकरा कर मौत हो गई । जानकारी के मुताबिक मृतक आरपीएफ आरक्षी बादशाह सिंह पूर्वी चंपारण जिले के पवनवा थाना क्षेत्र के बिलासपुर गाँव के निवासी थे ।
दरअसल हरीनगर-भैरोगंज के बीच वायर और मटेरियल की सुरक्षा के लिए पेट्रोलिंग ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ जवान हरीनगर-भैरोगंज के बीच गेट संख्या 36बी के समीप जा रहें थे, तभी जब वे अप लाइन पर थे ट्रेन संख्या 05497 की चपेट में आ गए। जिससे मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। फिलहाल रेल पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेजा गया है। इसके साथ ही मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में पुलिस जुटी हुई है।

### नहीं होगी 25 सितंबर को बी एड पार्ट वन की परीक्षा

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा सदर। 25 सितंबर को होने वाली बी एड पार्ट वन की परीक्षा स्थगित कर दी गई है।उक्त आशय का पत्र जे पी यू के परीक्षा नियंत्रक डॉ अशोक कुमार मिश्रा के द्वारा बुधवार को जारी करते हुए सूचित किया गया है कि कुलपति डॉ परमेंद्र कुमार बाजपेई के आदेशानुसार बी० एड० प्रथम वर्ष परीक्षा 2024 (सत्र 2022-2025) की बुधवार को होने वाली परीक्षा अपरिहार्य कारण से स्थगित की जाती है। उक्त परीक्षा दिनांक 28.09.2024 को पूर्व निर्धारित समयानुसार पूर्व निर्धारित केन्द्र पर ही आयोजित की जायेगी।

# जाति जनगणना और सामाजिक परिवर्तन पर हुआ एक दिवसीय सेमिनार

- अगर भारत सरकार जातिगत जनगणना नहीं कराती है तो संभव है कि केन्द्र की सरकार गिर जाए : प्रो डीएम दिवाकर

प्रातः किरण संवाददाता




छपरा सदर । छपरा में हुई, भारत में जाति जनगणना और सामाजिक परिवर्तन विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के वक्ताओं की एकमत राय थी कि भारत की सरकार को इस बार सामान्य जनगणना के साथ जातिगत जनगणना कराना ही होगा।
सेमिनार के मुख्य वक्ता और देश के प्रख्यात अर्थशास्त्री प्रो. डी. एम. दिवाकर ने तो यहाँ तक कह दिया कि अगर भारत सरकार जातिगत जनगणना नहीं कराती है तो संभव है कि केन्द्र की सरकार गिर जाए और देश मध्यावधि चुनाव में चला जाए। उन्होंने आगे कहा कि इस देश का 80 प्रतिशत आवाम जातीय जनगणना के पक्ष में है। इस माँग के पीछे इस देश के करोड़ों-करोड़ लोगों की आशा और उत्कंठा है।
इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का विधिवत शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व सांसद अली अनवर अंसारी, मुख्य अतिथि प्रो. वीरेन्द्र नारायण यादव, संरक्षक डॉ. लालबाबू यादव, पूर्व मंत्री उदित राय, पाटलिपुत्रा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस, रिसर्च, दिल्ली के मानद निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार, अखिल भारतीय विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक महासंघ के महासचिव प्रो. अरुण कुमार ने भाग लिया।
अपने वक्तव्य में पूर्व सांसद अली अनवर अंसारी ने कहा कि औपनिवेशिक काल में 1931 में जातिगत जनगणना हुई थी और पुनः1941 में जातीय जनगणना तो कराया गया परन्तु द्वितीय विश्व युद्ध के कारण जनगणना के आँकड़ों को प्रकाशित नहीं किया गया। स्वतंत्र भारत में काका कालेलकर आयोग ने जातियों की गणना खासकर पिछड़ी जातियों की गणना तो किया परन्तु तत्कालीन कांग्रेसी सरकार ने उसे लागू नहीं किया। अंततः मोरारजी देसाई की सरकार में गठित बी. पी. मण्डल आयोग ने पिछड़ों की सूची बनाई, जिसे 1990 में वी. पी. सिंह की सरकार में पिछड़ों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान के साथ लागू अवश्य किया परन्तु भाजपा के समर्थन वापस लेने चलते तत्कालीन सरकार गिर गई। पुनः 2011 की जनगणना में जातियों की गणना तो की गई, परन्तु मनमोहन सिंह की सरकार ने आंकड़ों को प्रकाशित नहीं किया। तब से लेकर अभीतक जाति जनगणना की माँग हर स्तर पर होती रही है। बिहार में एक कदम आगे बढ़कर पिछले साल सरकार द्वारा जाति सर्वेक्षण कराया गया, जिसे न्यायालय में चुनौती दी गई और इसके आधार पर बढ़ाए गए आरक्षण को तकनीकी कारणों से उच्चतम न्यायालय ने रद्द किया। उन्होंने आगे कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि इस वर्ष के राष्ट्रीय दसवार्षिक जनगणना में जाति की गणना के कॉलम को सम्मिलित किया जाए ताकि आँकड़े स्पष्ट हो सकें। संगोष्ठी के प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रो. डी. एम. दिवाकर ने की, जिसमें डॉ. मृत्युंजय कुमार, डॉ. चन्दन कुमार श्रीवास्तव, डॉ. शुभमीत कौशिक, डॉ. राहुल कुमार मौर्या, डॉ. राकेश रंजन एवं डॉ. मनोज प्रभाकर ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दी।
सेमिनार के दूसरे तकनीकी सत्र की अध्यक्षता जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के राजनीति विज्ञान विभागध्यक्ष प्रो. विभु कुमार ने की, जिसमें अनिल कुमार, डॉ. संदीप कुमार यादव, डॉ. शिवम चौधरी, डॉ. विजया विजयन्ती, डॉ. सुधीर कुमार एवं जी. शंकर ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। प्रारम्भ में संगोष्ठी के सह संयोजक डॉ. दिनेश पाल ने संगोष्ठी के उद्देश्यों एवं आवश्यकता पर अपना विचार प्रकट किया, जबकि समापन सत्र में पूर्णिया विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय, प्राचार्य डॉ. वसुंधरा पाण्डेय, डॉ. पुष्पलता हँसदक, अनिल कुमार, डॉ. कन्हैया प्रसाद, डॉ. अमित रंजन, धर्मेन्द्र कुमार, रमेश कुमार, डॉ. रजनीश कुमार यादव आदि ने विचार अपने-अपने व्यक्त किये।

# नरकटियागंज रेल खण्ड पर दर्दनाक हादसा, ट्रेन से टकराकर आरपीएफ जवान की हुई मौत

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल अंतर्गत नरकटियागंज रेलखंड पर सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जब पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान तैनात आरपीएफ आरक्षी बादशाह सिंह (49) की ट्रेन से टकरा कर मौत हो गई । जानकारी के मुताबिक मृतक आरपीएफ आरक्षी बादशाह सिंह पूर्वी चंपारण जिले के पवनवा थाना क्षेत्र के बिलासपुर गाँव के निवासी थे । दरअसल हरीनगर-भैरोगंज के बीच वायर और मटेरियल की सुरक्षा के लिए पेट्रोलिंग ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ जवान हरीनगर-भैरोगंज के बीच गेट संख्या 36बी के समीप जा रहें थे, तभी जब वे अप लाइन पर थे ट्रेन संख्या 05497 की चपेट में आ गए। जिससे मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। फिलहाल रेल पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेजा गया है। इसके साथ ही मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में पुलिस जुटी हुई है। आरपीएफ के डीएसपी एमके सिसोदिया ने बताया कि शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेजा गया है। उन्होंने बताया कि पेट्रोलिंग के दरमियान हादसा हुआ है ।फिलहाल उनके घर वालों को इसकी सूचना दे दी गई है। वही मामले की पूरी पड़ताल की जा रही है ।

# इको विकास समिति और वन विभाग के अधिकारियों की बैठक बिना कोई निर्णय के समाप्त हुई

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। वाल्मीकिनगर स्थित वन सभागार में इको विकास समिति और वन अधिकारियों के बीच बैठक बिना कोई निर्णय के समाप्त हो गई। बैठक वीटीआर प्रशासन के द्वारा संचालित टूरिस्ट कैंटीन को लेकर हुई।वर्तमान में संचालित कैंटीन को सन्तपुर इको विकास समिति द्वारा पिछले दो वर्षों से किया जा रहा है। जबकि दो वर्ष के बाद दूसरे इको विकास समिति दरुआबारी को संचालित के लिए मिलनी चाहिए।इसके लिए दरुआबारी इको विकास समिति ने बैठक में विभाग पर दबाव बनाने की नीति अपनाई।जिससे बैठक में बात नहीं बनी और बिना कोई निर्णय के समाप्त हो गई। प्रशिक्षु डीएफओ स्टालिन फिडेन ने बताया कि बैठक में कोई सहमति नहीं बन पाई है उम्मीद है कि आने वाले दिनों में सहमति बन जाएगी। इन्होंने आगे बताया कि होटल विहार के बंद पड़े कैंटीन को भी चालू करने बात है। पूर्व से जंगल कैम्प में कैंटीन संचालित है।जिसे सन्तपुर इको विकास समिति के द्वारा संचालित की जा रही है।इस बैठक में प्रशिक्षु डीएफओ स्टालिन फिडेन,रेंजर राजकुमार पासवान, फॉरेस्टर आशीष कुमार,सन्तपुर विकास समिति अध्यक्ष राजेश काजी,दरुआबारी इको विकास समिति अध्यक्ष हरिनारायण काजी,सरपंच कृष्णमोहन प्रसाद समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं शामिल हुई।

# 28 सितंबर को जिला नियोजनालय के प्रांगण में जॉब कैम्प का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया। श्रम संसाधन विभाग द्वारा जिला नियोजनालय पश्चिम चम्पारण बेतिया के प्रांगण में दिनांक-28.09.2024 को जॉब कैम्प का आयोजन किया जाना है। इस दिन पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक इच्छुक अभ्यर्थी जॉब कैम्प में नियोजक से जॉब के विषय में जानकारी प्राप्त कर अपना आवेदन/बायोडाटा जमा कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी का एनसीएस पोर्टल पर निबंधन कराना अनिवार्य है। जिला नियोजन पदाधिकारी मुकुंद माधव द्वारा बताया गया कि क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड कंपनी द्वारा केन्द्र मैनेजर के पद पर कार्य करने हेतु इंटर पास इच्छुक कुल-20 अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। कंपनी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को 15250 रूपया प्रतिमाह मानदेय सहित पीएफ, इएसआइसी, बोनस आदि भी प्रदान की जायेगी। पुरूष अभ्यर्थियों का कार्यक्षेत्र बिहार में किसी भी जिले में होगा एवं महिला अभ्यर्थियों का कार्यक्षेत्र होम डिस्ट्रीक्ट होगा।

# बिहार में बढ़ते अपराध पर माले विधायक ने सरकार पर किया हमला

- डबल इंजन की सरकार के संरक्षण में अराजकता का माहौल:विधायक

प्रातः किरण संवाददाता



बगहा। बिहार में बढ़ते अपराध की घटना को लेकर सिकटा के माले विधायक वीरेंद्र गुप्ता ने सरकार पर जमकर निशाना साधा है। बगहा पहुँचे महागठबंधन के विधायक ने कहा है की बिहार में बीजेपी औश्र जेडीयू की डबल इंजन की सरकार के संरक्षण में अराजकता का माहौल है तभी तो लगातार अपराध की घटनाएं हो रहीं हैं। वहीं नालंदा,मसोढ़ी और धनरुआ के अलावा बगहा में भी मॉब लिंचिंग जैसी घटना को अपराधी अंजाम दें रहें हैं और पुलिस तमाशबीन बनी हुई है ।दरअसल बगहा नगर थाना क्षेत्र के मस्तान टोला निवासी दम्पति इमरान और हसीना अजमेर से मजदूरी कर बीते 16 सितम्बर को अपने घर लौट रहें थे इसी दौरान पति पत्नी के साथ असामाजिक तत्वों ने मारपीट कर छीनतई की जिसको लेकर पुलिस की ओर से मामले में गंभीरता नहीं दिखाई गईं,आरोप है की मॉब लिंचिंग की इस घटना में पुलिस ने पीड़ितों से बयान बदलवा दिया है और केस में जिस धारा के तहत कार्रवाई होनी चाहिए वह नहीं हुई है। लिहाजा माले विधायक ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े किये हैं और बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज से मिलकर पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाने की बात कही है ।

# हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर जगदीशपुर नौतन में हो रहा है शिशुओं का नियमित टीकाकरण

- जानलेवा बीमारियों से बचाव हेतु समय पर कराएं टीकाकरण
- जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर हो रहा है नियमित टीकाकरण

प्रातः किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम) ।पश्चिम चंपारण जिले के जगदीशपुर नौतन के मॉडल हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर शिशुओं को कई तरह की बिमारियों से सुरक्षा प्रदान करने को लेकर नियमित टीकाकरण की जा रही है। वहीं अब जिले के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर सप्ताह मे तीन दिन सोमवार, मंगलवार व गुरुवार को शून्य से पांच साल तक के बच्चों के साथ साथ गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण भी किया जा रहा है। टीकाकरण कॉर्नर के माध्यम से संबंधित पंचायतों के लाभुकों को शत-प्रतिशत टीकाकृत किया जाता है इसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। यह कहना है नौतन के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शंकर रजक का। उन्होंने बताया की टीकाकरण के सम्पूर्ण लक्ष्य को हासिल करने के लिए विभाग की इस पहल का उद्देश्य सम्पूर्ण टीकाकरण के 95 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति करना है। उन्होंने बताया जगदीशपुर नौतन के इस मॉडल हेल्थ एंड वेलनेस केंद्र पर गर्भवती महिलाओं को भी टीकाकरण का लाभ दिया जा रहा है। डॉ शंकर ने कहा की नजदीकी क्षेत्र में स्वास्थ्य उपकेंद्र होने से लोगों को वेवजह के खर्च व समय की बचत होगी। अपने ही क्षेत्र में टीकाकरण के साथ छोटी मोटी बीमारियों का आसानी से इलाज हो सकेगा।

**नियमित टीकाकरण से जानलेवा बीमारियों से होता है बचाव:**

सीएचओ सुनील बरबा ने बताया की नियमित टीकाकरण से कई जानलेवा बीमारियों से बचाव होता है साथ ही इससे शरीर में संक्रामक बीमारी से लड़ने की क्षमता का भी विकास होता है। नियमित टीकाकरण के टीके निःशुल्क उपलब्ध हैं। गर्भवती महिलाओं से आरंभ होकर शिशु के पांच साल तक होने तक के टीके नियमित रूप से दिये जाते हैं। ये टीके शिशुओं को खसरा, टिटनस, पोलियो, क्षय रोग, गलघोंटू, काली खांसी और हेपेटाइटिस बी जैसे कई प्रकार की जानलेवा बीमारियों से बचाते हैं।

# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन

- राहुल गांधी के बयान से अनुचित समाज आहत - रणजीत कुमार सिंह
- अनुसूचित जाति समाज के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हैं राहुल गांधी : कृष्णा राम

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष कृष्णा राम के नेतृत्व भाजपा ने प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के आरक्षण एवं देश विरोधी बयानों को लेकर एक प्रतिरोध मार्च निकाला और उनका पुतला दहन नगर पालिका चौक छपरा पर किया गया
भाजपा के जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि राहुल गांधी के आरक्षण विरोधी बयानों से अनुसूचित जाति समाज आहत हैं। अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष कृष्णा राम ने कहा कि राहुल गांधी देश एवं समाज को तोड़ना चाहते है आज के इस पुतला दहन में कार्यक्रम में प्रदेश नेता हेम नारायण सिंह, महामंत्री विवेक कुमार सिंह, शत्रुघन भक्त,जिला मंत्री सत्यानंद सिंह,अर्द्धेन्दु शेखर,जिला मीडिया प्रभारी बलवंत सिंह, प्रदेश मंत्री एस सी मोर्चा अजय मांझी,एस सी मोर्चा उपाध्यक्ष मीरा देवी, महामंत्री भरत मांझी,कोषाध्यक्ष योगेन्द्र राम, संतोष मांझी,चरणदास,नगर अध्यक्ष राजेश फैशन,निवर्तमान नगर अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोरंजन प्रसाद,सैनिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक उमाकांत पांडे, किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज पाण्डेय,चंदन कुमार, हरेश्वर सिंह, अनुप यादव,चंदु सिंह,युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष मनीष मिश्रा सहित सभी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला पदाधिकारी के साथ भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता एवं नेतागण उपस्थित थे।

# इंसानियत की मिसाल घायल लँगूर का लोगों ने किया इलाज



प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। इंसानियत आज भी जिंदा है। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि आज सुबह सुबह एक बंदर ऑटो की चपेट में आकर घायल हो गया। जिसके बाद स्थानीय लोग और महिलाओं ने उसकी मरहम पट्टी की। अब यह वीडियो तेजी से सोशल साइट्स पर वायरल हो रहा है। बतादें की घटना बगहा - वाल्मीकिनगर मुख्य मार्ग के नया टोला की है। बताया जा रहा है की वाल्मीकि टाइगर रिजर्व से सटे इस इलाके में बंदरों का झुंड हमेशा चहलकदमी करते दिखता है इसी क्रम में एक टेंपू से बंदर को ठोकर लग गया और बंदर का सर फट गया। जिसके बाद कुछ लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए उसके चोट पर दवा लगाई और पट्टी बांधी।

# उपमुख्यमंत्री सह जिला प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा का भाजपा भोजपुर द्वारा हुआ भव्य स्वागत

प्रातः किरण संवाददाता



आरा ।बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री सह भोजपुर जिला के प्रभारी मंत्री का मंगलवार को भोजपुर जिला मे आगमन हुआ।जिला मे प्रवेश करने पर कोईलवर मे भाजपा कार्यकताओ द्वारा स्वागत किया गया। सिंगही फोर लाईन पर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के नेतृत्व मे भव्य स्वागत किया गया।वहीं बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री द्वारा सरैया बाजार पर प्रभारी मंत्री का स्वागत किया गया।उप मुख्यमंत्री बड़हरा क्षेत्र के बाढ़ की स्थिति जानने के लिए सिन्हा पहुचे।। वहाँ उन्होने गंगा नदी मे आएँ बाढ़ और बाढ़ से हुए नुकसान का मुआयना किया। क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितो द्वारा उप मुख्यमंत्री को समस्याओ से अवगत कराया गया। उप मुख्यमंत्री ने समस्याओं को ध्यान से सुना और ग्रामीण जनता को समाधान के लिए आश्वस्त किए। उसके बाद सरैया हाईस्कूल मे चल रहे राहत कार्य और सामुदायिक रसोई का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष दुर्गा राज,जिला और प्रखंड के पदाधिकारी शामिल थे। उप मुख्यमंत्री द्वारा अधिकारियों को बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत कार्यो को तेजी से करने का निर्देश दिया गया।आरा परिसदन मे आरा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह सहित सैकड़ो कार्यकताओ द्वारा स्वागत किया गया।
उप मुख्यमंत्री सह जिला प्रभारी विजय सिन्हा ने कहा कि भोजपुर जिला के चार प्रखड बड़हरा, आरा,शाहपुर और कोईलवर मे बाढ़ आया है। सरकार और प्रशासन द्वारा सभी राहत कार्य किए जा रहे है।सभी जरूरत चीजे उपलव्ध कराया गया है। आज जिला कार्यान्वयन समीति की बैठक मे बाढ की समस्या और बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित करने की चर्चा की गई। समीक्षा के बाद तय होगा कि क्षेत्र को बाढ़ प्रभावित घोषित किया जाए। जिला के अन्य समस्याओं का निदान भी जल्द से जल्द किया जाएगा।केन्द्र और बिहार की एनडीए सरकार विकास के राह पर है। सभी क्षेत्रो मे विकास हो रहा है और 2025 मे भी फिर बिहार मे एनडीए का सरकार बनेगा। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज,जदयू जिलाध्यक्ष संजय सिंह,लोजपा अध्यक्ष राजेश्वर पासवान, आरा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह,बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सहि,पूर्व विधायक संजय सिंह टाईगर,पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम रंजन चतुवेर्दी, हरेन्द्र पांडेय,सीडी शर्मा, राजेन्द्र तिवारी, विजय सिंह,धीरेन्द्र सिंह,नरेन्द्र तिवारी, उदय प्रताप सिंह,संजय कुमार सिंह आदि थे।

# पूर्व मुखिया प्रत्याशी ने किया राहत सामग्री का वितरण



प्रातः किरण संवाददाता

रिविलगंज। प्रखंड के दक्षिणवारी चक्की पंचायत के बाढ़ प्रभावित गांव में रिविलगंज नयका बड़का बैजू टोला निवासी मुखिया के पूर्व प्रत्याशी दिनेश्वर सिंह ने अपने समर्थकों के साथ नाव से अपने पंचायत के भाई बन्धुओं और ग्रामीणों की सहायता के लिए नाव से घर घर पहुंच कर राहत सामग्री का वितरण किया। पूर्व मुखिया प्रत्याशी दिनेश्वर सिंह के बताया कि मेरे पंचायत वासी और गांव घर के लोग बाढ़ के पानी से धीरे हुए हैं।मैं अपने लोगों तक कुछ सहयोग पहुंचाने का प्रयास किया,साथ ही लोगों की परेशानी और हालचाल जानने और यथा सम्भव सहयोग करने के लिए सभी पंचायत वासीयों से मिला। पंचायत के लोगों तक बाढ़ में राहत सामग्री और जरूरत का सामान पहुंचाना भी जरूरी है क्योंकि सभी मेरे अपने हैं।

# सोनपुर में 29 सितम्बर को होगा युवा संवाद का आयोजन

- विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवक युवतियों को किया जाएगा सम्मानित

प्रातः किरण संवाददाता

दिघवारा नगर ।सोनपुर के युवाओं द्वारा युवाओं के लिए आयोजित कार्यक्रम युवा संवाद सोनपुर के दूसरे संस्करण का आयोजन 29 सितंबर को माउंट लिटरा जी स्कूल बैजलपुर सोनपुर में होने जा रहा है।इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षा,स्वास्थ्य,उद्यमिता, कला- संस्कृति, खेल,पर्यावरण, सोशल मीडिया,धर्म -जागरण अथवा अन्य किसी विशेष क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे युवाओं को एक मंच प्रदान करना है जहां समाज में बेहतर कार्य कर रहे हैं इन युवाओं को सम्मान दिया जा सके और उनके विचारों को दूरदर्शिता प्रदान की जा सके तथा इस मंच से वे अपने विचार साझा कर सकें जिससे आने वाली युवा पीढ़ी को इससे प्रेरणा मिल सके जिससे वह अपनी सामाजिक कर्तव्य और दायित्वों को अच्छे से निर्वहन कर सके ।बता दें कि पिछले वर्ष भी क्षेत्र के जाने माने चिकित्सक सह समाजसेवी डॉ पंकज कुमार सिंह के सौजन्य से युवा संवाद के प्रथम संस्करण का आयोजन किया गया था ।प्रथम संस्करण में भी सैकड़ो युवाओं को सम्मानित किया गया था ।युवा संवाद के दूसरे संस्करण में कई जानी-मानी हस्तियां भी शिरकत करने वाली है तथा विभिन्न क्षेत्रों से चुने हुए उत्कृष्ट व अनुकरणीय कार्य करने वाले युवाओं को सम्मानित किया जाएगा ।

# बड़ागोपाल स्टेशन पर सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

प्रातः किरण संवाददाता




छपरा सोनपुर रेलखंड पर बड़ागोपाल स्टेशन सलाहकार समिति की बैठक मुआनी सोनपुर अशोक कुमार की अध्यक्षता मे हुई ।इस बैठक मे स्टेशन मास्टर शिव कुमार जी के अलावे अन्य सदस्य उपस्थित थे। बडागोपाल स्टेशन के कोठियां-नरांव के मनोनित सदस्यों से बाडी-बाडी से लिखित विचार सोनपुर के वरिष्ठ रेलकर्मी ने ली ।सलाहकार समिति के सदस्य राजेश कुमार सिंह बड़ा गोपाल स्टेशन से पटना जाने की गाड़ी की व्यवस्था स्टेशन पर ठंडा जल की व्यवस्था स्टेशन का रंग रोशन एवं कचहरी स्टेशन पर लिछवी एक्सप्रेस ठहराव एवं बड़ा गोपाल स्टेशन पर काठगोदाम एक्सप्रेस की एक मिनट का ठहराव का प्रस्ताव दिया ।इसके अलावें स्टेशन के दोनों प्लेटफार्म पर यात्री सेट एवं सुलभ शौचालय का व्यवस्था की बात कही ।इसके अलावे अन्य सदस्यों ने भी अपनी बात रखी और स्टेशन को आधुनिकसुविधाओं व यात्रियों के लिएउत्तम प्रवंध की बात को प्रमुखता से उठाई। बैठक में सलाहकार समिति के अन्य सदस्यों मे श्रीनिवास सिंह श्री संजय सिंह श्री धनंजय कुमार सिंह एवं रामवती देवी ने भाग लिया।

# दो से अधिक बच्चे होने पर बच्चों की बेहतर परवरिश होती है बाधित

- परिवार नियोजन के गर्भनिरोधक साधनों के प्रति समुदाय को किया जायेगा जागरूक
- हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर मनाया जायेगा विश्व गर्भनिरोधक दिवस
- अनचाहे गर्भ से सुरक्षा के लिए गर्भ निरोधक साधनों को अपनाएं

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा। समुदाय में परिवार नियोजन के गर्भ निरोधक के साधनों के प्रति जागरूकता लाने के लिए 26 सितंबर को विश्व गर्भ निरोधक दिवस मनाया जायेगा। जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। साथ हीं परिवार नियोजन के गर्भ निरोधक साधनों का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। इसको लेकर परिवार कल्याण कार्यक्रम के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. एके शाही ने पत्र जारी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। जारी पत्र में कहा गया है कि 26 सितंबर को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भनिरोधक के उपयोग से होनेवाले लाभ को आमजन तक पहुंचाना और यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य विषय पर जानकारी और जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर जिला स्तर पर बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत गर्भनिरोधक सेवा को बेहतर करने के लिए चर्चा की जाएगी। इसके अलावा, गर्भनिरोधक साधनों के बारे में आमजन में जागरूकता फैलाने के लिए साईकिल रैली और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी हेल्थ वेलनेस सेंटर्स पर परिवार नियोजन कैम्प का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें गर्भनिरोधकों के बारे में जनमानस को बताया जाएगा। परिवार नियोजन के बास्केट ऑफ चॉइस कंडोम, कॉपर-टी, अंतरा इंजेक्शन, छाया गोली आदि का निशुल्क वितरण किया जायेगा।

**दो से अधिक बच्चे होने पर बच्चों की बेहतर परवरिश होती है बाधित:**

सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि सीमित परिवार बेहतर प्रजनन स्वास्थ्य के साथ खुशहाल परिवार की पहचान होती है। दो से अधिक बच्चे होने पर बच्चों की बेहतर परवरिश बाधित होती है। इसके लिए परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थाई साधनों को बढ़ावा देना जरुरी है। इसे ध्यान में रखते हुए लोगों को परिवार नियोजन के स्थायी उपाय जैसे महिला एवं पुरुष नसबंदी, प्रसव उपरांत नसबंदी और अस्थायी उपाय जैसे कंडोम, कॉपर-टी, आईयूसीडी, अंतरा गर्भ निरोधक इंजेक्शन, गर्भ निरोधक गोली आदि के बारे में जानकारी दी जायेगी। साथ ही परिवार नियोजन के साधन अपनाने पर सरकार द्वारा प्रदान की जा रही प्रोत्साहन धन-राशि के बारे में भी लोगों को बताया जायेगा।

**इन परिवार नियोजन साधनों का उठायें लाभ:**

पीपीआईयूसीडी

बच्चों में अंतराल रखने तथा अनचाहे गर्भ से निजात के लिए प्रसव के 48 घंटे के अंदर पीपीआईयूसीडी(प्रसव उपरांत कॉपर टी संस्थापन) लगाया जाता है। गर्भनिरोधक का यह एक सुरक्षित साधन है। इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। यह एक सामान्य प्रक्रिया है जिससे लंबे समय तक गर्भधारण की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है। इसमें ऑपरेशन की भी आवश्यकता नहीं होती है। पीपीआईयूसीडी दो तरह की होती है। एक 5 साल के लिए तथा दूसरा 10 साल के लिए के लिए होता है। सभी सरकारी यह अस्पतालों में मुफ्त लगाई जाती है।

**एमपीए (अंतरा):**

अंतरा अस्थायी गर्भनिरोधक साधनों में एक बहुत असरदार विधि है। एक इंजेक्शन से 3 महीने तक गर्भधारण की संभावना नहीं होती है। दूध पिलाती मां भी ले सकती है जिससे दूध की मात्रा और गुणवत्ता पर कोई असर नहीं पड़ता। ना ही शिशु पर कोई हानिकारक प्रभाव पड़ता है। यदि महिला ठीक 3 महीने बाद इंजेक्शन लगवाने नहीं आती तो निर्धारित तिथि से 14 दिन पहले 28 दिन बाद तक भी इंजेक्शन लगा सकती है। अंतरा महिलाओं के लिए एक सरल व सुरक्षित असरदार साधन है जिसे प्रत्येक 3 महीने के अंतराल पर महिला को एक इंजेक्शन लेना होता है। गर्भधारण रोकने में यह 99.7% प्रभावी होता है। तिमाही लगने वाली इंजेक्शन इसका पूरा नाम मेड्रोक्सी प्रोजेस्ट्रोन एसीटेट है। अंतरा का प्रयोग बंद करने के कुछ माह बाद महिलाओं को पहले की तरह माहवारी होने लगती है और वह पुनः गर्भधारण कर सकती है।

**लाभार्थी एवं प्रेरक दोनों को प्रोत्साहन राशि :**

बच्चों में अंतराल एवं अनचाहे गर्भ से बचाव के लिए नवीन गर्भ निरोधक- अंतरा‌ की शुरूआत की गयी है। अंतरा एक गर्भ निरोधक इंजेक्शन है, जिसे एक या दो बच्चों के बाद गर्भ में अंतर रखने के लिए दिया जाता है। इस तरह साल में चार इंजेक्शन दिया जाता है। साथ ही सरकार द्वारा अंतरा इंजेक्शन लगवाने पर प्रति डोज या सूई लाभार्थी को 100 रुपए एवं उत्प्रेरक को भी 100 रुपए दिए जाने का प्रावधान है।

# एनएसएस के स्थापना दिवस पर महाविद्यालय ने आयोजित किया व्याख्यानमाला

- राष्ट्र के निर्माण में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान :प्राचार्य

प्रातः किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय ।मंगलवार को नंदलाल सिंह महाविद्यालय ,जैतपुर दाउदपुर के सेमिनार हॉल में एन एस एस के 56 वां स्थापना दिवस पर एक व्याख्यान माला का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक था स्वच्छ समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका। केंद्रित विषय पर सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार साझा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर के पी श्रीवास्तव ने कहा कि भारत की कुल जनसंख्या का लगभग 60% आबादी युवाओं की है जिसमें महिलाएँ भी है ।राष्ट्र निर्माण में युवाओं का योगदान से ही राष्ट्र प्रगति के पर अग्रसर हो सकता है। युवाओं को अपने अध्ययन के साथ-साथ अपने परिवेश समाज और राष्ट्र निर्माण में भी सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए। स्वच्छता हमारा पुनीत कर्तव्य हो । डॉ शेखर कुमार ने कहा कि स्वस्थ मस्तिष्क में ही सुंदर भविष्य के सपने संजोए जा सकते हैं हम स्वस्थ रहें इसके लिए जरूरी है की अपनी सफाई के साथ-साथ अपने वातावरण गांव मोहल्ले की सफाई पर विशेष ध्यान देना होगा ।प्रथम यूनिट कज एन एस एस पदाधिकारी डॉ संजय कुमार ने कहा कि यह स्वच्छता पखवाड़ा चल रहा है।आप एन एस एस कैडर के सभी छात्र- छात्राओं को नए-नए गतिविधियों से अवगत कराया जा रहा है जिसे आप समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहें। द्वितीय यूनिट के एन एस एस पदाधिकारी डॉ प्रवीण पंकज ने कहा कि हम खुद स्वस्थ रहें और समाज गांव मोहल्ले की सफाई एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। ज्ञान का संचार स्वस्थ मस्तिष्क में ही होता है इसलिए हमें निस्वार्थ भाव से समाज व राष्ट्र के लिए समर्पित रहें। तृतीय यूनिट के एन एस एस पदाधिकारी डॉ चन्द्रभान राम ने कहा कि आज हम सभी एन एस एस की स्थापना दिवस को मना रहे हैं। जिसके आदर्श वाक्य है मैं नहीं, बल्कि आप है। अर्थात हम युवाओं को प्रत्येक वर्ष 120 घंटे समाज के लिए देना आवश्यक है। धन्यवाद ज्ञापन डॉ स्वर्ग दीप शर्मा ने किया। मंच का संचालन डॉ चन्द्रभान राम के द्वारा किया गया। मंचासीन अतिथियों में डॉ आशीष कुमार, डॉ अमृत प्रजापति, डॉ अनुराग उपाध्याय, प्रोफेसर आफताब आलम, डॉ श्री भगवान ठाकुर, डॉ उपेन्द्र कुमार, डॉ राकेश रंजन, डॉ रुबी चन्द्रा, डॉ जी डी राठौर, डॉ रमेश रजक तथा कैडर के सभी प्रतिभागी बच्चे एवं सभी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# आदिल राशिद ने बताया रिटायरमेंट का प्लान, 200 वनडे विकेट लेने वाले हैं इंग्लैंड के पहले स्पिनर

**डरहम (यूके) (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान 200 वनडे विकेट लेने वाले देश के पहले स्पिनर बने इंग्लैंड के स्पिनर आदिल राशिद ने कहा कि फिलहाल रिटायरमेंट के बारे में उनके दिमाग में कुछ नहीं है और वह 2027 वनडे विश्व कप तक खेलते हुए युवाओं को अपनी समझ और अनुभव देना चाहते हैं। आदिल मंगलवार को चेस्टर-ले-स्ट्रीट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले तीसरे वनडे से पहले यह बात कही।

ऑस्ट्रेलिया पांच मैचों की सीरीज में 2-0 से आगे है और उसने आखिरी वनडे 271 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड को 202 रनों पर समेट कर 68 रनों से जीता था। इंग्लैंड ने अपने पिछले 14 वनडे में से 10 गंवाए हैं और एक और हार मेजबान टीम को सीरीज में हार का सामना करना पड़ेगा। इस सीरीज में खेली जा रही टीम में बदलाव हो रहे हैं, कप्तान जोस बटलर चोट के कारण बाहर हैं और युवा हैरी ब्रूक के हाथों में कमान है।

नए दौर की शुरुआत, शुरुआत में अंतरिम कोच मार्कस ट्रेस्कोथिक के नेतृत्व में हुई, उसके बाद ब्रेंडन मैकुलम ने टेस्ट प्रतिबद्धताओं के साथ-साथ व्हाइट-बॉल कोच की भूमिका संभाली, लेकिन इसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही। रणनीति और खिलाड़ियों के बदलने के साथ, राशिद अभी भी इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल क्रिकेट का अहम हिस्सा बने हुए हैं। 36 वर्षीय राशिद ने इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के साथ एक केंद्रीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जो उन्हें 2025 के अंत तक टीम



में बनाए रखेगा और उनका लक्ष्य अगले साल की चैंपियंस ट्रॉफी, 2026 टी20 विश्व कप और 2027 50 ओवर का विश्व कप खेलना है।

राशिद ने कहा, मैंने अभी तक इसके बारे में नहीं सोचा है। खेलते रहना, इसका लुत्फ उठाना, फिट रहना, अच्छी गेंदबाजी करना, जीत में योगदान देना, उम्मीद है कि विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जीतना--यही मेरा अंतिम लक्ष्य है। मैं हर मैच और हर सीरीज खेल रहा हूं और अगर मैं अभी भी इसका लुत्फ उठा रहा हूं और अच्छा प्रदर्शन कर रहा हूं, तो मैं खेलना जारी रखूंगा। इतने लंबे समय तक खेलना और विकेट लेना, मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था, इसलिए उम्मीद है कि मैं इसे जारी रखूंगा। यह उतार-चढ़ाव के साथ एक मजेदार सफर रहा है और उम्मीद है कि मैं अपने करियर के बाकी बचे हिस्से में भी इसी तरह आगे बढ़ूंगा।

उन्होंने अपनी बात समाप्त करते हुए कहा, मैंने अभी तक संन्यास लेने या ऐसा कुछ करने के बारे में नहीं सोचा है, यह मेरे दिमाग में भी नहीं आया है। यह खेल का लुत्फ उठाने और अपना सबकुछ देने के बारे में है। राशिद का यह बयान बहुत महत्वपूर्ण है। हालांकि जो रूट और बेन स्टोक्स के सीटी 2025 से पहले व्हाइट-बॉल सेट-अप में लौटने की उम्मीद है और वर्तमान में टेस्ट प्रतिबद्धताओं में व्यस्त हैं, लेकिन टीम ने हाल ही में बहुत अनुभव खो दिया है। ऑलराउंडर और पूर्व उप-कप्तान मोईन अली की अनुपस्थिति काफी महसूस की जा रही है, जिन्होंने इस महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया सीरीज की टीम से बाहर होने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी।

# द्रविड़ का रवैया काफी सख्त था, गंभीर शांत हैं : अश्विन ने किया खुलासा



**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के सबसे उम्रदराज सदस्य रविचंद्रन अश्विन का मानना ??है कि गौतम गंभीर राहुल द्रविड़ की तुलना में अधिक शांत हैं, जिनकी कार्यशैली 'अनुशासित' थी। नवंबर 2021 से टीम इंडिया की कमान संभाल रहे द्रविड़ ने टी20 विश्व कप जीत के बाद इस जुलाई में पद छोड़ दिया और तब से उनकी जगह गौतम गंभीर को नियुक्त किया गया है।

अंतर बताते हुए अश्विन ने कहा कि गंभीर का दृष्टिकोण शांत है और ड्रेसिंग रूम में जीवंत माहौल बनाए रखने में मदद करता है, उन्होंने उन्हें 'रिलैक्स्ड रैंचो' कहा। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, मुझे लगता है कि वह (गंभीर) बहुत शांत हैं। मैं उन्हें 'रिलैक्स्ड रैंचो' कहना चाहता हूं। उन पर बिल्कुल भी दबाव नहीं है। सुबह, टीम की बैठक होगी। वह इस बारे में भी बहुत शांत हैं। वह कहते हैं, 'क्या आप आ रहे हैं, कृपया आइए'; यह ऐसा ही है।

द्रविड़ के मामले में अश्विन ने खुलासा किया कि उनका रवैया काफी सख्त और व्यवस्थित था। उन्होंने कहा, राहुल भाई के साथ, जैसे ही हम आते हैं, वह क्रम में खेलने की मांग करते हैं। यहां तक ??कि एक बोतल को भी एक खास समय पर एक खास जगह पर रखना चाहिए। वह बहुत अनुशासित हैं।

# दो हॉकी मैचों की श्रृंखला के लिए जर्मनी की मेजबानी करेगा भारत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम 23 और 24 अक्टूबर को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में जर्मनी के साथ दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेलेगी। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को यह घोषणा की। भारत ने पिछली बार जर्मनी का सामना पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में किया था जहां यूरोप की दिग्गज टीम ने 3-2 से जीत दर्ज की थी। भारत ने ओलंपिक में तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में स्पेन को हराकर कांस्य पदक जीता था। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, 'जर्मनी के खिलाफ यह द्विपक्षीय श्रृंखला विश्व स्तरीय हॉकी का एक उल्लेखनीय प्रदर्शन होगी। भारत और जर्मनी दोनों का खेल में एक समृद्ध इतिहास है और यह श्रृंखला प्रशंसकों को दुनिया की दो सबसे मजबूत टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने का अवसर देगी। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, 'हम इस श्रृंखला की मेजबानी से सम्मानित महसूस कर रहे हैं। इससे ना केवल हॉकी की भावना को बढ़ावा मिलेगा बल्कि दोनों देशों के बीच रिश्ते भी मजबूत होंगे।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, 'भारत-जर्मनी हॉकी प्रतिद्वंद्विता हमेशा एक रोमांचक प्रतियोगिता रही है। हमारे खिलाड़ी ऐसी अच्छी टीम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक हैं और मेरा मानना ??है कि यह श्रृंखला दोनों टीमों को भविष्य के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों से पहले अपने कौशल और रणनीतियों को बेहतर बनाने का मौका देगी।

जर्मन हॉकी महासंघ के अध्यक्ष हेनिंग फास्टरिच ने कहा कि राष्ट्रीय टीम इस चुनौती के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, 'हॉकी के लिए भारत हमेशा विशेष स्थान रहा है और हमारी टीम उत्साही भारतीय प्रशंसकों के सामने खेलने के लिए रोमांचित है। यह श्रृंखला जर्मनी और भारत के बीच खेल संबंध मजबूत करने का शानदार मौका है जबकि दोनों टीमों को आगामी वैश्विक प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए प्रतिस्पर्धी मंच भी देगा। फास्टरिच ने कहा, 'हम चुनौती और ऐतिहासिक मेजर धयान चंद राष्ट्रीय स्टेडियम में खेलने के अनुभव के लिए उत्सुक हैं।

# गैरी कर्स्टन ने लगातार असफलता के बाद पाकिस्तान टीम की पोल खोली

**करांची (एजेंसी)।** पाकिस्तान की क्रिकेट टीम के व्हाइट-बॉल कोच गैरी कर्स्टन के अनुसार, पुरुष राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों को पेशेवरता और एकता का प्रदर्शन करना चाहिए। कर्स्टन ने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम को सोमवार, 23 सितंबर को आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि उन्हें अपना गौरव वापस पाने की जरूरत है। कर्स्टन की टिप्पणी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के 'कनेक्शन कैंप' के उद्घाटन दिवस के साथ मेल खाती है, यह एक ऐसा आयोजन है जो खिलाड़ियों और प्रबंधन को पाकिस्तानी क्रिकेट की दिशा के बारे में बात करने के लिए एक साथ लाता है।



क्रिकेट की दुनिया में पाकिस्तान का हालिया प्रदर्शन शर्मनाक रहा है। पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ अपनी पहली घरेलू टेस्ट सीरीज हारी और सबसे हालिया वनडे और टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण में बाहर हो गया। कर्स्टन ने कहा, आज इस कनेक्शन कैंप का हिस्सा बनना एक शानदार अनुभव था। मुझे लगता है कि इसके पीछे हमारा उद्देश्य टीम के लिए अपने उद्देश्यों को संरेखित करना था। मुझे लगता है कि हम सभी सहमत हैं कि हम चाहते हैं कि पाकिस्तान की टीम सभी प्रारूपों में यथासंभव सफल हो। और हम आज उन विभिन्न चीजों पर विचार कर रहे हैं जो हमारी मदद कर सकती हैं और टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ संस्करण बनने में मदद कर सकती हैं।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि टीम और खिलाड़ियों के पेशेवर स्तर के संदर्भ में एक चीज जिसके बारे में हमने बात की वह वास्तव में महत्वपूर्ण थी। मुझे लगता है कि यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता है। देश के लिए खुद को सर्वश्रेष्ठ तरीके से पेश करें और पाकिस्तान क्रिकेट में फिर से गौरव लाएं। पूर्व भारतीय कोच के अनुसार, पाकिस्तान में हर कोई चाहता था कि उनकी क्रिकेट टीम जीते, लेकिन खेल, श्रृंखला और टूर्नामेंट जीतने से पहले कुछ उपाय किए जाने की आवश्यकता है।

कर्स्टन ने कहा, मुझे लगता है कि हम सभी एक सफल टीम चाहते हैं, है न, और हम चाहते हैं कि टीम हर उस मैच में अच्छा प्रदर्शन करे जिसमें वह खेलती है। और ऐसा न हो पाने का कोई कारण नहीं है। यह सभी प्रारूपों में एक बहुत ही प्रतिभाशाली क्रिकेट टीम है, लेकिन कुछ प्रक्रियाएं हैं जिन्हें आपको लागू करने की आवश्यकता है। और मुझे लगता है कि हम इसी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम यह जानना चाहते हैं कि हमारे देश में एक मजबूत प्रणाली है और स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा है और यह कि हमारी टीम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के अपने दृष्टिकोण में एकजुट है।

# ग्वालियर में भारत-बांग्लादेश मैच पर मंडराया खतरा

## मुकाबले से पहले हिंदू महासभा का बड़ा ऐलान, 6 अक्टूबर को बंद करने का ऐलान

**ग्वालियर (एजेंसी)।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में हिंदू महासभा ने अगले महीने ग्वालियर में होने वाले भारत-बांग्लादेश क्रिकेट मैच का विरोध करने के लिए 6 अक्टूबर को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में बंद का आह्वान किया है। 6 अक्टूबर को ग्वालियर में भारत और बांग्लादेश के बीच टी20 मैच होना है। ग्वालियर में पत्रकारों से बात करते हुए हिंदू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयवीर भारद्वाज ने कहा कि हिंदू महासभा 6 अक्टूबर को ग्वालियर में होने वाले भारत-बांग्लादेश मैच का विरोध कर रही है। उन्होंने दावा किया कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार अभी भी जारी है और बांग्लादेश के साथ क्रिकेट खेलना सही नहीं है। उन्होंने कहा, हिंदू महासभा ने मैच के दिन ग्वालियर बंद का आह्वान किया है और आवश्यक वस्तुओं पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा।



भारद्वाज ने यह भी मांग की कि तिरुपति बालाजी मंदिर में लड्डुओं में मिलावट करने वालों को मृत्युदंड दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक समारोह के दौरान भी ये लड्डू बांटे गए थे। इस घटना (लड्डू विवाद) ने हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी

# कमिंस को इस भारतीय से 'डर', कहा- उसे शांत रखने की कोशिश करनी होगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस भारत के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की खेल को संभालने की क्षमता को लेकर चिंतित हैं और उन्होंने कहा कि उनकी टीम को आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 26 वर्षीय बल्लेबाज को शांत रखने की जरूरत है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आगामी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 22 नवंबर से शुरू होगी। इस सीरीज में भारत और ऑस्ट्रेलिया 22 नवंबर से 7 जनवरी, 2025 तक पर्थ, एडिलेड (गुलाबी गेंद वाला मैच), ब्रिस्बेन, मेलबर्न और सिडनी में खेलेंगे। भारत पिछले चार बीजीटी में खिताब बरकरार रखने में सफल रहा जिसमें 2018-19 और 2020-21 में उनकी प्रसिद्ध सीरीज जीत शामिल है, जहां पंत ने गाबा में नाबाद 89 रनों की शानदार पारी खेली और ऑस्ट्रेलिया के अपने गढ़ में 32 साल के अपराजित किले को ध्वस्त कर शानदार जीत हासिल की। पंत ने दिसंबर 2022 में एक घातक कार दुर्घटना के कारण 637 दिनों के लंबे इंतजार के बाद बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में शानदार वापसी की और दूसरी पारी में 109 रन बनाए, जिससे भारत को चेन्नई में 280 रनों से जीत हासिल करने में मदद मिली।

कमिंस ने कहा, देखिए, मुझे लगता है कि हर टीम में एक या दो ऐसे खिलाड़ी होते हैं जो खेल को आगे बढ़ा सकते हैं। आप जानते हैं, हमारे पास ट्रैविस हेड और मिच मार्श और ऐसे ही लोग हैं। मुझे लगता है कि इन लोगों के साथ आप जानते हैं कि वे आक्रामक हो सकते हैं। यदि आप थोड़ा भी चूक जाते हैं, तो वे खेल को आगे ले जाएंगे। ऋषभ रिवर्स लैप खेल सकता है और यह एक अविश्वसनीय शॉट है और यह उसका एक हिस्सा है।

# युवाओं के लिए प्रेरणा बने 50+ के ये खिलाड़ी, शॉटपुट, रनिंग और स्विमिंग में जीत रहे गोल्ड

**हरियाणा (एजेंसी)।** पंजाब सरकार की तरफ से खेडां वतन पंजाब दीयां में 50 साल से अधिक के खिलाड़ी अपना दम खम दिखा रहते हुए मेडल जीत रहे हैं। 50 साल से अधिक की कैटेगरी में ज्यादातर वह खिलाड़ी शामिल हैं जो अपने जवान में कभी किसी न किसी खेल इवेंट से जुड़े रहे हैं या फिर किसी डिपार्टमेंट में भर्ती हैं। जिला स्तरीय गेम्स में बुजुगों ने ज्यादातर एथलेटिक्स में ही जोर दिखाया है। तीन दिनों तक 50 साल से ज्यादा की उम्र वर्ग में खिलाड़ी दौड़, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, लांग जंप जैसे इवेंट में पार्टिसिपेट करते हुए पदक जीत चुके हैं।



**61 के सुरजीत शॉटपुट-डिस्कस थ्रो विजेता** - 61 वर्षीय सुरजीत सिंह उम्र के साथ युवाओं के लिए एक प्रेरणा हैं। रिटायर्ड चीफ इंस्पेक्टर ने खेल से ही नौकरी हासिल की और अब भी खेल में पदक जीत रहे हैं। डिस्कस थ्रो और शाटपुट के खिलाड़ी सुरजीत जिम में बेंच प्रेस भी लगाते हैं। पिछले हफ्तों उन्होंने 160 किलो की बेंच लगाकर सबको हैरान किया। खेडों वतन पंजाब दीयां में उन्होंने 61-70 उम्र वर्ग के अंदर डिस्कस में 52.06 मीटर और शॉटपुट में 13.17 मीटर थ्रो लगाकर दो गोल्ड जीते। अब नवंबर में स्टेट गेम्स में पार्टिसिपेट करेंगे। सुरजीत सिंह ने 1985 में विश्व यूनिवर्सिटी गेम्स के डिस्कस थ्री में पार्टिसिपेट किया। अभी पीएपी में ट्रेनिंग करते हैं और बच्चों को सिखा रहे हैं। पिछले साल भी 51 से 60 कैटेगरी में हिस्सा लेते हुए शाटपुट में स्टेट गोल्ड जीता था। साउथ एशियन गेम्स 1987 कोलकाता डिस्कस थो में 51.20 के साथ गोल्ड जीत चुके हैं।

**हीरा लाल 3 साल से चैंपियन** - सरकारी हाई स्कूल ताजपुर भगवानपुर में बतौर डीपीई सेवाएं दे रहे 50 वर्षीय हीरा लाल तीन साल से जिला और स्टेट दोनों में गोल्ड जीत रहे हैं। जिले में हीरा लाल ने 800 मीटर में सिल्वर, 400 मीटर में गोल्ड मेडल जीता। इस साल मार्च में आल इंडिया सिविल सर्विसिस में पंजाब टीम की तरफ से 800 और 400 मीटर में गोल्ड जीता। वे बताते हैं कि एजुकेशन विभाग में 2012 से हैं और साल 2018 में रेगुलर हुए। पिछले दो साल से खेडा वतन पंजाब दीयां के स्टेट स्तरीय ईवेंट में सिल्वर मेडल जीत रहे हैं। वह स्कूल से ही एथलेटिक्स के साथ जुड़े हैं और इसी गेम में पदक जीते हैं।

**स्विमिंग और वॉकिंग में सुशील ने जीता पदक** - स्विमिंग में देश के लिए इंटरनेशनल स्तर पर पदक जीतने वाले ध्यानचंद अवॉर्डी सुशील कोहली ने पहली बार खेडां वतन पंजाब दीयां में हिस्सा लिया।

# रेसलर योगेश्वर दत्त बोले- देश से माफी मांगें विनेश

## देश को ओलिंपिक मेडल का नुकसान हुआ पर कहा गया गलत विनेश के साथ हुआ

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व रेसलर योगेश्वर दत्त ने कहा है कि विनेश फोगाट को देश से माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि उनके कारण पेरिस ओलिंपिक में भारत को एक मेडल का नुकसान हुआ है।

41 साल के दत्त ने एक शो में कहा- अगर मैं विनेश की जगह होता, तो देश से माफी मांगता कि मैं अपना वेट कम नहीं कर सका, लेकिन उनका स्वागत हो रहा है। ऐसा कहा जा रहा है कि विनेश के साथ गलत हुआ।

विनेश पेरिस ओलिंपिक में ओवरवेट होने के कारण अयोग्य घोषित हो गई थीं। उन्हें फाइनल में पहुंचने के बावजूद मेडल गंवाना पड़ा था।विनेश हरियाणा में होने वाले चुनाव में कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं, जबकि दत्त बीजेपी से विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। इस बार उन्हें टिकट नहीं मिला है। उन्होंने लंदन ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल दिलाया था।

**राजनीति और रेसलिंग पर योगेश्वर दत्त के बयान** - राजनीति में जाना व्यक्तिगत फैसला योगेश्वर ने कहा कि राजनीति में जाना व्यक्तिगत फैसला है, लेकिन देश को सच पता लगना चाहिए। जो पिछले एक साल में हुआ, चाहे ओलिंपिक में डिसक्वालिफाई होना हो या पहलवानों का जंतर-मंतर पर



आंदोलन, इससे इंडिया की गलत छवि बनाई गई और पूरी दुनिया में उसका गलत तरीके से प्रचार किया गया।

**मेडल गंवाने पर भी स्वागत, गलत धारणा बनाई गई** - योगेश्वर ने कहा कि जंतर-मंतर पर आंदोलन के बारे में गलत जानकारी देकर लोगों को बुलाया गया। ये पूरी तरह से गलत था। देश का एक मेडल का नुकसान करने के बाद भी यही परसेप्शन बनाया गया कि विनेश के साथ गलत हुआ। अगर मैं विनेश की जगह होता तो पूरे देश से माफी मांगता कि मैं अपना वेट कम नहीं कर सका, लेकिन यहां तो स्वागत हो रहा हैं।

**राजनीति की तुलना में रेसलिंग आसान** - एक सवाल के जवाब में योगश्वर ने कहा कि रेसलिंग आसान है, क्योंकि राजनीति के खेल में आपकी उम्र बीत जाएगी, लेकिन आप राजनीति नहीं सीख सकते। लोगों से झूठ बोलना और उन्हें धोखा देना राजनीति में सबसे गलत बात है। योगेश्वर दत्त ने कहा, राजनीति में सिर गिने जाते हैं, लेकिन कुश्ती में आपका बल काम करता है। राजनीति में आकर आपके पता लगता है कि कौन साथ है, कौन नहीं। ऐसे लोग भी आगे बढ़ते हैं जिनका कोई वजूद नहीं है।

**विनेश 100 ग्राम ओवरवेट होने के बाद डिसक्वालिफाई हुई थीं** - विनेश फोगाट को पेरिस ओलिंपिक में फाइनल से पहले 100 ग्राम ओवरवेट होने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया था। फिर उन्होंने इसके खिलाफ सीएएस में अपील की, लेकिन अपील खारिज कर दी गई थीं। 50 ग्राम वेट कैटेगरी में लगातार तीन मुकाबले जीतकर फाइनल में पहुंच गई थीं। वे ओलिंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला रेसलर बनी थीं।

# अजिंक्य रहाणे को महाराष्ट्र सरकार ने आवंटित की जमीन, बनेगी क्रिकेट अकादमी

**मुंबई (महाराष्ट्र) (एजेंसी)।** भारतीय मध्यक्रम के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को क्रिकेट आइकन सुनील गावस्कर द्वारा बांद्रा में खाली छोड़ी गई भूमि आवंटित की है, ताकि वे एक अच्छी तरह से सुसज्जित खेल सुविधा स्थापित कर सकें, जिसमें एक क्रिकेट अकादमी भी शामिल है। महाराष्ट्र कैबिनेट के एक बयान के अनुसार कैबिनेट की बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने की।

बयान के अनुसार बांद्रा रिक्लेमेशन में 2,000 वर्ग मीटर की भूमि रहाणे को तीस साल के लिए लीज पर दी जाएगी। इससे पहले यही भूमि क्रिकेटर सुनील गावस्कर को 1988 में एक इनडोर क्रिकेट सेंटर के लिए आवंटित की गई था। लेकिन इस प्लॉट पर कोई काम नहीं होने के कारण सरकार ने इसे 2022 में वापस ले लिया था। इस प्लॉट की मौजूदा हालत खराब है और आस-पास की झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोग इसका इस्तेमाल गैरजरूरी कामों के लिए कर रहे हैं।

महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएचएडीए)अथॉरिटी ने पहले



एक प्रस्ताव पारित कर रहाणे को यह प्लॉट देने की सिफारिश की थी और म्हाडा के इसी प्रस्ताव को सोमवार को राज्य कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। रहाणे ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी में प्लॉट के आवंटन के लिए सरकार को धन्यवाद दिया है।

2011 में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से रहाणे ने खेल के तीनों प्रारूपों में देश का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें उन्होंने 195 मैचों और 251 पारियों में 35.95 की औसत से 15 शतक और 51 अर्द्धशतक के साथ 8,414 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 188 रन रहा। 36 वर्षीय रहाणे टेस्ट में लंबी पारी खेलने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 85 टेस्ट में 38.46 की औसत से 5,077 रन बनाए हैं। इसमें 12 शतक और 26 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 188 रन रहा है। 90 वनडे में उन्होंने 87 पारियों में 35.26 की औसत से 2,962 रन बनाए हैं। इसमें उनके नाम तीन शतक और 24 अर्द्धशतक दर्ज हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 111 रन रहा।

भारत के लिए 20 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 20.83 की औसत से 375 रन बनाए हैं। इसमें एक अर्द्धशतक भी शामिल है। रहाणे ने भारत के लिए आखिरी बार पिछले साल जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था। इस अनुभवी खिलाड़ी ने हाल ही में काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन टू और वन डे कप में लीसेस्टरशायर के लिए खेला था। काउंटी चैंपियनशिप के तीन मैचों में उन्होंने 33.66 की औसत से 202 रन बनाए हैं, जिसमें छह पारियों में उनके नाम एक शतक और 102 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लॉग ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### बदलापुर कांड के आरोपी को पुलिस ने गोलियों से भूना, शिवसेना ने बांटी मिठाइयां; भड़का है विपक्ष

**बदलापुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र में बदलापुर यौन उत्पीड़न के आरोपी अक्षय शिंदे की पुलिस की जवाबी फायरिंग में मौत पर सियासी घमासान शुरू हो गया है। एक तरफ विपक्ष ने घटना पर आश्चर्य जताते हुए मामले में न्यायिक जांच की मांग की तो शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार सुबह बदलापुर रेलवे स्टेशन पर मिठाइयां बांटी। कार्यकर्ताओं ने रेलवे स्टेशन पर पोस्टर भी प्रदर्शित किए। पुलिस अधिकारियों का मामले में कहना था कि शिंदे को जब तलोजा जेल से बदलापुर लाया जा रहा था तो उसने पुलिस की रिवॉल्वर छीनी और गोली चला दी। जवाबी हमले में वो मारा गया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्कूल में सफाईकर्मी के रूप में काम करने वाले अक्षय शिंदे को उसकी पूर्व पत्नी द्वारा दर्ज कराए गए एक अन्य मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को जब तलोजा जेल से बदलापुर ले जाया जा रहा था तभी उसने पुलिसकर्मियों में से एक की रिवॉल्वर छीन ली और गोली चला दी। इसके जवाब में पुलिस ने भी गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि घटना के बाद, उसे कालवा स्थित एक अस्पताल ले जाया गया, जहां चोटों के चलते उसने दम तोड़ दिया।

शिवसेना ने बांटी मिठाइयां

बदलापुर यौन उत्पीड़न के आरोपी अक्षय शिंदे की पुलिस की जवाबी फायरिंग में गोली लगने से मौत के एक दिन बाद शिवसेना कार्यकर्ताओं ने ठाणे के बदलापुर रेलवे स्टेशन पर पोस्टर प्रदर्शित किए और मिठाइयां बांटीं। उधर, मामले में विपक्षी दलों द्वारा न्यायिक जांच की मांग उठाई जा चुकी है। मामले में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि पुलिस ने आरोपी को आत्मरक्षा में गोली मारी। आरोपी की गोलीबारी में एक एएसआई घायल हो गया, जिसका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

### दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण पर पीएमओ में हुआ हाई लेवल मंथन, पराली से लेकर ईवी तक सब पर हुई बात

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सर्दियों में हर साल दिल्ली-एनसीआर में होने वाले वायु प्रदूषण को लेकर अब प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने भी गंभीर रुख दिखाया है। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को हुई एक हाई लेवल टास्क फोर्स की मीटिंग में वायु प्रदूषण से निपटने के विभिन्न उपायों पर गहन चर्चा की गई। इस दौरान एनसीआर में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने और चार्जिंग बुनियादी ढांचे को विकसित करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया गया। वहीं, धान की पराली जलाने से रोकने के कदमों पर भी मंथन हुआ।

इस बैठक में सर्दियों के मौसम में दिल्ली-एनसीआर में खराब होती वायु गुणवत्ता के मुद्दे को संबोधित करने में हितधारकों की तत्परता का आकलन किया गया। इसके साथ ही धान की पराली जलाने, वाहनों से निकलने वाले धुएं, सड़क और निर्माण धूल, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और डीजल जनरेटर (डीजी) सेट सहित विभिन्न स्रोतों से प्रदूषण से निपटने के लिए चल रहे प्रयासों का मूल्यांकन करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। डॉ. मिश्रा ने सर्दियों के महीनों के दौरान खराब होती वायु गुणवत्ता को कम करने के लिए सभी संबंधित एजेंसियों द्वारा ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के सख्त और समय पर कार्यान्वयन के महत्वपूर्ण महत्व पर जोर दिया। ग्रैप, सर्दियों के दौरान लागू किया जाने वाला प्रदूषण-रोधी उपाय है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने आगामी धान की पराली उत्पादन पर विवरण पेश की, जिसमें पंजाब में 19.52 मिलियन टन और हरियाणा में 8.10 मिलियन टन पराली जलाने का अनुमान लगाया गया। वर्मा ने कहा कि दोनों राज्यों ने इस वर्ष पराली जलाना बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है। पंजाब ने अपने 11.5 मिलियन टन धान की पराली को इन-सीटू फसल अवशेष प्रबंधन के माध्यम से और शेष को एक्स-सीटू विधियों के माध्यम से प्रबंधित करने की योजना बनाई है। इसी तरह हरियाणा 3.3 मिलियन टन का इन-सीटू प्रबंधन करेगा और शेष के लिए एक्स-सीटू विधियों का उपयोग करेगा। उन्होंने कहा कि पंजाब में 1.50 लाख से अधिक फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) मशीनें उपलब्ध होंगी, जिन्हें 24,736 कस्टम हायरिंग सेंटर (सीएचसी) द्वारा समर्थित किया जाएगा, जबकि हरियाणा में 6,794 सीएचसी द्वारा समर्थित 90,945 सीआरएम मशीनें हैं।

## हिमाचल में मई जैसी गर्मी

# शिमला में तो टूट गया 30 साल का रिकॉर्ड; लेकिन दो दिनों में होगी भारी बारिश

**शिमला , एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से मॉनसून धीमा हो गया है। इसके चलते दिन में चटक धूप खिलने की वजह से गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। मैदानी इलाकों में मई महीने की तरह गर्मी का प्रकोप देखा जा रहा है। हमीरपुर, कांगड़ा, बिलासपुर और ऊना में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। सितंबर महीने के आखिरी दिनों में मौसम के गर्म मिजाज से लोग हैरान हैं। बादलों के न बरसने से हिल्स स्टेशनों में भी गर्मी लोगों के पसीने छुड़ा रही है।



### शिमला में गर्मी ने तोड़ा 30 साल का रिकॉर्ड

राजधानी शिमला में सितंबर महीने में सोमवार को तीन दशक बाद दिन का पारा 28 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है। इससे पहले सितंबर 1994 में शिमला का अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री रहा था। अन्य ठंडे रहने वाले पहाड़ी इलाकों कल्पा, कुफरी, नारकंडा और डल्हौजी में भी अधिकतम तापमान में उछाल आया है। राज्य के सभी क्षेत्रों में मंगलवार को भी आसमान साफ है तथा पारे में और उछाल आएगा।

### दो दिन भारी बारिश का अलर्ट

हालांकि मौसम विभाग ने 26 सितंबर से मॉनसून की सक्रियता से बादलों के बरसने का अनुमान जताया है। 26 व 27 सितंबर को मैदानी व मध्यपर्वतीय इलाकों में भारी बारिश के साथ मेघ गर्जना व आसमानी बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। लाहौल-स्पीति और किन्नौर को छोड़कर शेष 10 जिलों के लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी गई है।

### 28 और 29 को भी हल्की बारिश

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि मॉनसून अब अंतिम चरण में है और 26 व 27 सितंबर को इसका असर देखने को मिलेगा। राज्य के कई हिस्सों में इस दौरान गरज-चमक के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। खासकर 26 सितंबर को भारी वर्षा होने की आशंका बनी हुई है। उनका कहना है कि बादलों के बरसने से दिन के तापमान में कमी देखने को मिलेगी। 28 व 29 सितंबर को भी हल्की वर्षा होने के आसार हैं, हालांकि किसी तरह का अलर्ट नहीं रहेगा।

मॉनसून के धीमे पड़ने से राज्य के न्यूनतम तापमान में उछाल आया है और रातें गर्म हो गई हैं। सोमवार की रात 16 शहरों का न्यूनतम पारा सामान्य से अधिक दर्ज किया। शिमला में न्यूनतम पारा 18, सुंदरनगर में 21, भुंतर में 19.5, कल्पा में 12, धर्मशाला में 19.9, ऊना में 22.6, नाहन में 24.1, केलंग में 10.2, पालमपुर में 18, सोलन में 20.5, मनाली में 15.6, कांगड़ा में 20.6, मंडी में 22.7 और बिलासपुर में 23.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### नहीं खुलीं भूस्खलन से बंद 23 सड़कें

प्रदेश में पिछले दिनों हुई भारी बारिश के बाद भूस्खलन आने से 23 सड़कें अब भी बंद हैं। इसमें सबसे अधिक 10 सड़कें कांगड़ा जिले की हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक मंडी जिले में छह, कुल्लू में चार, शिमला में दो और सिरमौर में एक सड़क बंद है।

केंद्र के मुताबिक बंद मार्गों को खोलने का प्रयास किया जा रहा है। इस बीच शिमला-बिलासपुर नेशनल हाइवे सोलन जिला के दाड़लाघाट के पास कराड़ा घाट में हुए भूस्खलन से बार-बार अवरुद्ध हो रही है। रविवार की रात हुए भूस्खलन से यह हाईवे बंद हुआ था।

सोमवार सुबह इसे बहाल कर लिया गया, लेकिन देर रात यह फिर हुए भूस्खलन से कई घंटे तक बाधित रही। मंगलवार सुबह से हाईवे पर वाहनों की आवाजाही सुचारू रूप से जारी है।

## अब तिरुपति के मंदिर के लड्डू में तंबाकू मिलने का दावा

### चर्बी के आरोपों के बीच एक और मामला

**तिरुपति, एजेंसी।** तिरुपति स्थित मंदिर के प्रसाद में कथित तौर पर जानवर की चर्बी होने से विवाद जारी है। इसी बीच एक महिला की तरफ से दावा किया जा रहा है कि श्री वेंकटेश्वरा मंदिर में मिले लड्डू के अंदर तंबाकू की पुड़िया मिली है। हालांकि, इसे लेकर मंदिर प्रबंधन की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने आरोप लगाए थे कि जगन मोहन रेड्डी की सरकार में तिरुपति मंदिर में बांटे जाने वाले लड्डुओं में जानवर की चर्बी पाई गई थी।

एक रिपोर्ट के अनुसार, खम्मम जिले की रहने वालीं दोन्थु पद्मावति ने आरोप लगाए हैं कि उन्हें प्रसाद के रूप में मिले लड्डू के अंदर कागज में तंबाकू था। वह 19 सितंबर को तिरुपति मंदिर गई थीं। उस दौरान वह परिवार और पड़ोसियों के लिए प्रसादम लेकर आई थीं।

चैनल से बातचीत में उन्होंने बताया कि वह बांटने से पहले ही उन्हें लड्डू के अंदर तंबाकू मिल गया था। उन्होंने कहा, मैं लड्डू बांटने ही वाली थी कि अचानक एक छोटे से कागज के टुकड़े में तंबाकू के अंश मिलने से मैं घबरा घबरा गई। उन्होंने इस घटना पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने कहा, प्रसादम पवित्र होना चाहिए और ऐसी मिलावट का पता चलना दिल तोड़ने वाला है।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा लड्डू में चर्बी का मामला

भारतीय जनता पार्टी के नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने तिरुपति लड्डू बनाने में पशुओं की चर्बी के कथित इस्तेमाल की जांच को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। उन्होंने अदालत की निगरानी में जांच किए जाने की अनुरोध किया है।

## टिकट बेचे जा रहे भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी जय तीरथ दहिया का बड़ा आरोप, कांग्रेस से इस्तीफा



**रोहतक, एजेंसी।** हरियाणा में 5 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के पूर्व विधायक जय तीरथ दहिया ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने के साथ ही उन्होंने पार्टी पर कई आरोप भी लगाए हैं। जय तीरथ ने पार्टी पर पैसे लेकर टिकट बेचने का आरोप लगाया है। 2009 और 2014 में विधायक रह चुके दहिया को आगामी चुनाव के लिए टिकट नहीं दिया गया। उनकी जगह पार्टी ने जय भगवान अंतिल को अपना उम्मीदवार बनाया है।

अनदेखी किए जाने पर निराशा जताते हुए जय तीरथ ने कहा, एक मजबूत दावेदार होने के बावजूद पार्टी ने मुझे टिकट न देकर अपमानित किया है। उन्होंने आगे कहा, इसीलिए मैंने पार्टी नेतृत्व को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। यह सच है कि मैं भूपेंद्र सिंह हुड्डा के समर्थन के कारण विधायक बना था। जय तीरथ ने आरोप लगाया है कि विधानसभा चुनावों में टिकट देने में धांधली हुई है। उन्होंने चेतावनी भी दी है कि इससे पार्टी की छवि को नुकसान होगा। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी रहे जय तीरथ दहिया करीब तीन दशकों तक सोनीपत में वकील रह चुके हैं। वह पहले बार 2009 के विधानसभा चुनाव में राई विधानसभा सीट से जीते थे। इसके बाद 2014 में भी उन्होंने जीत दर्ज की थी जब उन्होंने इनेलो के इंद्रजीत को सिर्फ तीन वोटों से हराया था।

## अब मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर के लड्डुओं की शुद्धता पर उठे सवाल

**मुंबई, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति स्थित बालाजी मंदिर में लड्डुओं में पशु चर्बी मिलाने के खुलासे और हिन्दुओं की आस्था को ठेस पहुंचने के विवाद के बाद अब मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर के लड्डुओं की शुद्धता पर भी सवाल उठने लगे हैं। सिद्धिविनायक मंदिर के प्रसाद में चूहों के बच्चे मिले हैं। इसके बाद ये सवाल उठने लगे हैं कि प्रसाद साफ-सुथरे स्थल पर बनाकर नहीं रखे जा रहे हैं और वह अशुद्ध हैं। ये आरोप एक वीडियो के आधार पर लगाए जा रहे हैं, जिसमें सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट की ओर से श्रद्धालुओं को बांटे जाने वाले महाप्रसाद लड्डू के पैकेट में चूहे के बच्चे मिले हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि सीसीटीवी फुटेज में प्रसाद के पैक्ट्स में



चूहे दिख रहे हैं। इस आरोप पर सिद्धिविनायक मंदिर मंदिर ट्रस्ट की सचिव वीणा पाटिल ने यह मानने से इनकार किया है कि फुटेज मंगदिर ट्रस्ट के अंदर की हैं। हालांकि उन्होंने कहा है कि वह उन तस्वीरों और वीडियो फुटेज की जांच कराएंगी। बता दें कि इस मंदिर में हर रोज 50 हजार के करीब लड्डू बनते हैं। प्रसाद के एक पैकेट में 50-50 ग्राम के दो लड्डू होते हैं। त्योहार के समय में प्रसाद की मांग बढ़ जाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित होने से पहले फूड एंड ड्रग्स डिपार्टमेंट के अधिकारी इन लड्डू में इस्तेमाल होने वाली चीजों की नियमित जांच करते हैं और उसे सर्टिफाइड करते हैं। लैब टेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक, इन लड्डुओं को सात-आठ दिन तक सहेजकर रखा जा सकता है, वे खराब नहीं होते लेकिन लड्डुओं में चूहे के बच्चे पाए जाने की तस्वीरें सामने आने के बाद मंदिर के भीतर साफ-सफाई और प्रसाद की शुद्धता को लेकर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं।

उधर, तिरुपति मंदिर के लड्डुओं में पशु चर्बी के मामले में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने तिरुमला तिरुपति बालाजी मंदिर में लड्डू प्रसादम के लिए घी की आपूर्ति करने वाली एक कंपनी को 'कारण बताओ' नोटिस जारी किया है। सूत्रों के अनुसार मंत्रालय ने मंदिर में घी की आपूर्ति करने वाली चार कंपनियों के उत्पाद के नमूने मांगें थे और उनका परीक्षण किया था।

## दिल्ली में ड्रग्स स्मगलर्स पर मंडराया बुलडोजर वाला खतरा, 100 लोगों की लिस्ट तैयार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में ड्रग्स माफियाओं के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाने की तैयारी हो रही है। यह जानकारी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स टीम ने बीते दिनों आयोजित बैठक में दी गई है। दिल्ली पुलिस ने अपने सर्वे में ड्रग्स स्मगलिंग में लिप्त ऐसे 100 लोगों की संपत्ति को चिह्नित किया है, जिन पर अवैध निर्माण किया गया है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली पुलिस की ओर से समय-समय पर ड्रग्स स्मगलिंग करने वाले गैंग पर कार्रवाई की जाती है। पुलिस तस्करों को गिरफ्तार भी करती है, लेकिन कई बार जल्द जमानत पर जेल से छूटकर बाहर आ जाते हैं। बाहर आते ही फिर स्मगलिंग में जुट जाते हैं। दिल्ली पुलिस ने ऐसे तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है ताकि उन पर शिकंजा कसा जा सके। उन पर न केवल पुलिस बल्कि अन्य एजेंसियों के माध्यम से भी कार्रवाई करनी होगी। दिल्ली पुलिस ने अपने सर्वे में तस्करी में लिप्त 100 लोगों की संपत्ति को चिह्नित किया है।

## न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ खालिस्तानियों की चाल नाकाम, पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारतीय समुदाय के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को खालिस्तान समर्थकों द्वारा बाधित करने की कोशिश नाकाम कर दी गई। न्यूयॉर्क पुलिस ने कार्यक्रम स्थल के पास एक खालिस्तानी प्रदर्शनकारी को गिरफ्तार कर लिया और अन्य प्रदर्शनकारियों को भी वहां से हटा दिया। उन्होंने खालिस्तान समर्थकों की प्रदर्शन सामग्री को भी जब्त कर लिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को न्यूयॉर्क के नासाउ कोलिजियम में भारतीय-अमेरिकियों की एक बड़ी सभा को संबोधित किया। इस सभा के विरोध में खालिस्तान समर्थक वहां प्रदर्शन करने पहुंचे थे। पुलिस ने उन्हें कार्यक्रम स्थल के बाहर फ्री स्पीच ज़ोन में ही प्रदर्शन की अनुमति दी थी, लेकिन कुछ प्रदर्शनकारियों ने इसका उल्लंघन किया, जिसके चलते



एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया।

इसके अलावा, पुलिस ने खालिस्तानी समर्थकों द्वारा लगाए गए भड़काऊ बैनरों और अन्य प्रचार सामग्री को भी हटाया। इस विरोध की योजना सिख फॉर जस्टिस नामक संगठन ने बनाई थी, जिसका नेतृत्व चरमपंथी गुरपतवंत सिंह पन्नू करता है। सूत्रों के अनुसार, अमेरिका की सरकार इस प्रकार के विरोध प्रदर्शनों को लेकर सतर्क है, खासकर जब यह भारत-अमेरिका के संबंधों को नुकसान पहुंचा सकता है।

## सीरिया में नई सरकार का गठन, राष्ट्रपति असद ने दी मंजूरी

**दमिश्क, एजेंसी।** सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद ने सोमवार को एक आदेश में नई सरकार के गठन की घोषणा की। आदेश के तहत पूर्व उप विदेश मंत्री बासम अल-सब्बाग को फैसल मेकदाद के स्थान पर विदेश मंत्री बनाया गया। मेकडैड को उपराष्ट्रपति नियुक्त किया गया। जिसे राष्ट्रपति के निर्देशों के तहत विदेश और मीडिया नीति को लागू करने का काम सौंपा गया। सीरिया के सबसे बड़े प्रिंट मीडिया प्रकाशकों में से एक, अल-वहदा प्रिंटिंग एंड पब्लिशिंग ऑर्गनाइजेशन के पूर्व महानिदेशक ज़ियाद घोसौं को नया सूचना मंत्री नामित किया गया। नई सरकार का



गठन शनिवार को अल-असद द्वारा जारी एक आदेश के बाद हुआ है। इसमें उन्होंने पूर्व संचार मंत्री मोहम्मद गाजी जलाली को नए प्रधान मंत्री के रूप में नामित किया। उन्हें जुलाई के संसदीय चुनावों के बाद सरकार बनाने का काम सौंपा था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 55 वर्षीय जलाली अक्टूबर 2014 से यूरोपीय संघ ने प्रतिबंध लगा रखा है।

# लेबनान में 1600 जगहों पर इजराइली हमले: अब तक 492 की मौत, 1645 घायल

**बेरूत, एजेंसी।** इजराइली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने सोमवार को हिजबुल्लाह के 1600 टारगेट को निशाना बनाते हुए लेबनान में एयर स्ट्राइक की हैं। इनमें 10 हजार रॉकेट्स बर्बाद करने का दावा किया है। वहीं, लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस हमले में अब तक 492 लोगों की मौत हुई है। इनमें 58 महिलाएं और 35 बच्चे हैं। 1,645 लोग घायल हैं। अलजजीरा के मुताबिक, 2006 में इजराइल-लेबनान जंग के बाद लेबनान पर हुआ यह सबसे बड़ा हमला है। लेबनान में बुधवार, 25 सितंबर तक के लिए स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। लोगों को सुरक्षित जगहों पर भेजा गया है।

इजराइल ने लेबनान में चलाए जा रहे ऑपरेशन को नॉर्दर्न एरोज नाम दिया है। आईडीएफ का दावा है कि हिजबुल्लाह दक्षिणी लेबनान में घरों में मिसाइलें छुपाकर रखता है जिन्हें लगभग एक साल से इजराइल में दागा जा रहा है। वहीं, ह चीफ एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि वे नहीं चाहते लेबनान दूसरा गाजा बन जाए। दूसरी तरफ

### नेतन्याहू बोले- लोग बीच में न आएं हमारी जंग हिजबुल्लाह से



लेबनान से पलटवार की आशंकाओं के बीच इजराइल में एक हफ्ते की इमरजेंसी लगाई गई है। रक्षा मंत्री योव गलांट के कहने पर इमरजेंसी पर कैबिनेट के मंत्रियों ने फोन से वोटिंग की। इजराइल ने पहले मैसेज भेजा, फिर हमले किए इजराइली सेना ने हिजबुल्लाह के ठिकाने के करीब रहने वाले लोगों को तुरंत अपने घरों को छोड़ने की चेतावनी दी थी। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, आईडीएफ प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया था। हगारी ने लेबनान के नागरिकों को खतरे वाले इलाके से दूर चले जाने को कहा था। उन्होंने कहा था, इजराइली सेना हिजबुल्लाह के खिलाफ और घातक हमले करने जा रही है। हिजबुल्लाह ने घरों और इमारतों में हथियार जमा कर रखे हैं। आप ऐसी इमारत में हैं जहां हथियार हैं तो जल्द से जल्द उसको छोड़ दें। इस मैसेज को लेबनान के सभी नेटवर्क और प्लेटफॉर्म पर अरबी में भेजा जा रहा है।

**नेतन्याहू की लेबनान के लोगों से फिर अपील:** हमलों के कुछ घंटों बाद, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने लेबनानी लोगों से संपर्क किया और उनसे हिजबुल्लाह के लिए मानव ढाल न बनने का अनुरोध किया। नेतन्याहू ने अपने संदेश में कहा कि उनका निशाना हिजबुल्लाह हैं क्योंकि उसने हमारी उत्तरी सीमा में लगातार हमलों से इजरायली लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। उत्तरी सीमा पर रह रहे लोग लगातार पलायन कर रहे हैं। हमारा काम उन्हें फिर से उनका घर देना है। इसके लिए हिजबुल्लाह को मिटाना जरूरी है।

**इजरायल में भी इमरजेंसी:** हिजबुल्लाह के तजे होते संघर्ष को देखते हुए इजरायल सरकार ने भी देशभर में हफ्तेभर की इमरजेंसी घोषित कर दी है। रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के प्रस्ताव के बाद सोमवार शाम को यह घोषणा की गई। इस निर्णय को होम फ्रंट कमांड को बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर जारी किया गया है। इमरजेंसी आगामी 30 सितंबर तक जारी की गई है। घोषणा में कहा गया है, संघर्ष में हाल के घटनाक्रमों और पूरे देश में नागरिकों पर हमलों की उच्च संभावना के कारण यह निर्णय लिया गया है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129